किया जा रहा है कि इस स्कीम का पैसा वहां पर खर्च नही किया जा रहा है। इतनी अच्छी यह एक स्कीम थी कि इसको लागू करके लोगों का नामकरण की सुविधा दी जानी चाहिये। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिये ताकि दूसरे अधिकारी ऐसे कामों में रूचि ले। जन भावना की ऐसी जो थोड़ी–बहुत स्कीमों है, उनके अन्दर जो थोड़ी–बहुत अर्टचमैंट लोगों की बनी हुई है, उसको बड़े पैमाने पर गांवो में, कस्बों में और भाहरों में लागू किया जाये तभीह जनता को इसका कोई फायदा हो सकता है। यह दुर्भाग्य की बात है कि ऐसा नही हो पाया है। इसके अलावा, मै एक बात की और इसका ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरी बात की फाइनैस मिनिस्टर से पहले जगन नाथ जी ही पहुंचा देंगे। मै उन तक यह बात पहुंचाना चाहता हूं कि जब वे हरियाणा के पंचायत तथा विकास मंत्री थे, उस समय आपने उस समय के मुख्य मंत्री महोदय को एक पत्र लिखा था कि पंचायतों की सम्पति को किस तरह से एक–एक योजना बद्ध तरीके से खुद–बुर्द किया जा रहा है। इसका अनुमान उदाहरण दिल्ली के आस–पास के इलाके है वि ोश तौर पर फरीदाबाद और गुड़गांव के इलाके है। जब यह पंचायत तथा डिवैल्पमैंट मिनिस्टर थे, उस समय उन्होंने उस समय के तत्कालीन मुख्य मंत्री महोदय चौधरी देवी लाल जी ाके इस संदर्भ में एक लैटर लिखा था। उसमें उन्होंने स्पश्ट किया था कि खास तौर पर फरीदाबाद और गुड़गाव जिलों में जो अधिकारी है, जो जिम्मेवार अधिकारी है, वह अपने राजनैतिक आकाओं को खु ा करने के लिये ऐसा कर रहे है। उसमें उन्हौने यह भी

लिखा है कि फलां–फलां गांव से इस तरह से जमीन को हड़प लिया गय है। बड़ी सीरियस बात है। मुख्य मंत्री जी के नोटिस में यह बात लायी जानी चाहिए। मास्टर हुक्म सिंह जी ने जब वह पंचायत एंड डिवैल्पमैंट मिनिस्टर थे, तब उन्होंने यह लैटर लिखा था। मै यह जानना चाहूंगा कि क्या उस पत्र में जो उन्होंने स्वयं पंचायत एंड डिवैल्पमैंट मिनिस्टर रहते हुए मुख्य मंत्री जी को लिखा था, में लगाये गये आरोपी एंड डिवैल्पमैंट मिनिस्टर रहते हुए मुख्य मंत्री जी को लिखा था, मे लगाये गये आरोपी के बारे में कार्यवाही कर ली गयी है? क्या उसमें इन्वाल्वड अधिकारियों के खिलाफ या जिनके इ ाारे पर ऐसा किया गया था, कोई कार्यवाही हो गयी है, या नही? जिन आकाओं के कहने पर उन अधिकारियों ने यह गलत काम किया था, पंचायत की गुड़गांवा और फरीदाबाद की सम्पत्ति को खुर्द बुर्द करने की कोि ा ा की गयी थी, क्या बअ वह छुड़ा ली गयी है?

16.00 बजे

अपाध्यक्ष महोदय, मै बड़े अदब से निवेदन करना चाहता हूं और वित्त मंत्री तथा मुख्या मंत्री जी का ध्यान कुछ बातों की तरफ दिलाना चाहता हूं। वे इनका सदन में स्पश्टीकरण करें। उपाध्यक्ष महोदय, मै एक बात कहना चाहता हूं कि इन लोगों के लिए इस सदन की एक माननीय सदस्या जब वे ि ाक्षा मंत्री थी, श्रीमति सुशमा स्वराज तो उन्होने एक उदाहरण पे ा किया था। उन्होंनें इस सदन में एक कमिटमैंट की थी कि वे किसी भी भेद

भाव के बिना स्कूलों को अपग्रेड करेगी और उन्होंने वास्तव में इस पर अमल किया। हमारे मुख्य मंत्री जी ने बार–बार यह कहा कि स्कूलों के अपग्रेड ान नही किया जाएगा। लेकिन मैं समझता हूं कि ऐसी बात नही है। इसमे भेदभाव बरता जाता है और खास तौर पर जहां से विपक्ष के सदस्य आते है। वहां पर सरकार ने अपना संकुचित दृश्टिकोण अपनाया है लेकिन श्रीमति सुशमा स्वराज ने ऐसा नही किया था उपाध्यक्ष महोदय, नौरंगाबाद जाटान मेरी कांस्टीचुऐंसी में और मुख्य मंत्री के उप मण्डल में एक गांव है। वहां पर कोई स्कूल नही है। कोई भी हाई स्कूल उस इलाके में ऐसा नही है जो इस गांव से नौ किलोमीटर से कम हो वहां के बच्चे नौ किलोमीटर पैदल चलकर पढ़ने जाते है। अगर थोड़ा सी स्कूल को अपग्रेड करने का काइटेरिया हो, कोई भेदभाव न हो तो ऐसी कोई बात नही हो सकती कि बच्चों को नौ किलोमीटर पढ़ने के लिए जाना पड़े। सुशमा स्वराज की जो कमिटमैंट किया था। मै मुख्य मंत्री जी से निवेदन करता चाहता हूं कि वे अपने वायदे को ध्यान में रखें और जो भी स्कूल अपग्रेड किए जाएं वे किसी भेदभाव के अपग्रेड किए जाए चाहे वह मेरा हल्का हो और चाहे किसी और का हो। कम से कम बीस प्रति ात स्कूल जन सेवा और विद्यार्थियों की सुविधा को देखकर अपग्रेड होना चाहिए। संकुचित विचार धारा से स्कूल अपग्रेड नही होना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, सिंगला साहब ने उद्योगों के बारे में जिक्र किया। राजस्व का जो सब से बड़ा स्त्रोत है वह आज के मौडर्न युग में इंडस्ट्री से बड़ा कोई नही है। बहुत सी राज्य सरकारों ने अपने उद्योग

नीति इस ढंग से तैयार की है कि वहां पर ज्यादा से ज्यादा लोग उद्योग लगाने के लिये आकर्शित हो। उपाध्यक्ष महोदय, इसके हरियाणा इस वक्त बहुत बड़ा पोटैि ायल था। इसका कारण यह था कि आज पंजाब की हालत खराब है। वहां की स्थिति असामान्य है। वहां पर उद्योग विकसित नही कर रहे है। दूसरी तरफ आसमान है। वहा पर हालात बिगड़े हुए है। उपाध्यक्ष महोदय, आसाम में अधिकां ा उद्योग या व्यापार हरियाणवी लोगों के हाथ में है और वे चाहते थे कि यहां आकर उद्योग लगाएं। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि टोटल ऐटमासफेयर बदल गया। यहां पर एच0 एस0 सी0 और एच0 एस0 आई0 डी0 सी0 बहुत अच्छी संस्थाएं है। उनमें बड़े अच्छे ओफ्ीसर्ज है और वे बड़े अच्छे ढंग से काम कर रहे है। लेकिन यहां पर जो राजनैतिक माहौला है और जो सामाजिक माहौला है यह इस तरह का है कि हम दूसरे प्रवे ाों के बिगड़े हुए हालात का फायदा न उठा पाए। बल्कि हुआ यह कि जो यहां पर उद्योग लगे हुए थे उन्होंने अपना मन बना लिया कि वे यहां से जा रहे है और इस तरह से न्योडा में ज्यादा उद्योग लग रहे है। उपाध्यक्ष महोदय, एल0 एम0 एस0 तक आगेनाईजे ान है। इसका पूरा नाम लूटमार सगठन है। गुड़गांव और फरीदाबाद में इस लूटमार संगठन ने यह हालत पैदा की हुई कि चाहे बाढ़ राहत फण्ड हो, चाहे कोई फण्ड हो वे वैसा लेने से नही चुकते। कोई रैली फण्ड हो कोई सूखा राहत फण्ड हो, कन्यादान फण्ड हो और चाहे कई भी फण्ड हो वे पैसा लेने से नही चूकते। वे कोई मौका अपने हाथ से नही जाने देते। वे ऐसे

मौके पर भाादी करेंगी कि जब फण्ड की भाक्ल में पैसा लिया जा सके। वे कोई मौका नही छोड़ते किसी न किसी बहाने से वे पैसा न ले। अपाध्यक्ष महोदय, जन सन्दे ा ने अखबार की ऐडवरटाइजमैट से इतन पैदा इक्ट्ठा किया है कि बात की जांच अगर कोई आयोग कर तो जनता के सामने यह तथ्य आ जाएगा कि अगर पचास साल तक एक पैसा भी एडवरटाइजमैंट के तौर पर या किसी तरह न आए तब भी यह पेपर चल सकता है। उपाध्यक्ष महोदय, यह लूटमार नही तो क्या है? सरकार को जनता की सेवा के प्रति गम्भीर होना चाहिए। यह एक नार्मल बात है। जनता ने इस चीज को बार बार सावित किया है कि पावर में रहते हुए और पावर का दुरूपयोग करके न तो आप पेपर चल सकते हो और न ही संगठन। चाहे वह ग्रीन बिग्रेड ही या लूटमार संगठन, आप उसकी किसी चुनौती के टाईम के लिए या ऐसे टाईम के लिए जब किसी राजनैतिक दल को उस संगठन का इस्तेमाल करने के लिए जरूरत हो, खड़ा नही कर सकते। लेकिन भारत जैसे दे ा में यह संभव नही है। यह सरकार धोखा खायेगी और हरियाणा प्रदे ा 20 साल पीछे पिछड़ा जाएगा। इसलिये मेरी वित्तमंत्री महोदय से यह रिकवैस्ट है कि राज्य के अन्दर उद्योगी वातावरण को इस कदर ठीक करें कि जो लोगों हरियाणा में उद्योग स्थापित करना चाहते है, वे यहां पर खु ाी से अपने आप अपना उद्योग लगाएं। इससे उद्योग स्थापित करना चाहते है, वे यहां पर खु ाी से अपने आप अपना उद्योग लगाएं। इससे उद्योगों को भी बढ़ाया मिलेगा। ऐसे उद्योगपतियों को जो यहां हरियाणा के अन्दर उद्योग लगाना

चाहते है, पुरी तरह से सहलियतें दी जाएं इससे सरकार की आमदनी भी बढ़ेगी। अगर इस से सरकार की आमदनी नहीं बढेगी तो मै। (ाोर एवं व्यवधान) लेकिन डिजनी लैण्ड से आमदनी लेने के लिये सरकार को इतने निराले आकर्शक नमूने रखने पड़ेगे ताकि दे ा और प्रदे ा के लोग वहां आएं और उनके प्रति आकर्शित हो। वे वहा आंएगे तो सरकार को कर की वसूली होगी और सरकार की आमदनी भी बढ़ेगी।

श्री उपाध्यक्षः मान साहब, आप जरा समय का ध्यान रखें और बजट पर ही रहियेगा।

श्री रणसिंह मानः ठीक है जी। जहां तक कानून और व्यवस्था की बात है इस बारे में यहां बड़े जोर भाोर से कहा गया है कि हरियाणा के अन्दर कानून और व्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी है। मै एक वि ोश बात की और आपका ध्यान दिलाना चाहूता हूं कि वे जी दो पुलिस के आदमी राजसिंह और प्रेम सिंह दिल्ली मे पकड़े गए इससे एक बात सामने आती है (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः मान साहब, आप कृपया बजट पर ही बोलियेगा।

श्री रणसिंह मानः उपध्यक्ष महोदय, मै यह कहना चाह रहा था कि होम का जो 1987.88 का बजट था 46 करोड़ से बढ़ाकर अब 112 करोड़ा का होने जा रहा है ऐसी अनुमति है

लेकिन जो क्वालिटी और कैपेबिलिटी इन पुलिस फोर्सिज में होनी चाहिए वह नही है। अगर इसी तरह का वातावरण इस हरियाणा प्रदे ा का रहा कि पुलिस फोर्सिज की राजनैतिक लोग अपने स्वार्थी के लिये प्रयोग करते रहे, या फिर किसी रैलियों बगैरह में चाहे कोई महम की रैली हो, या फिर कही से चन्दा बटोरने की बात हो, ऐसे कामों के लिये प्रयोग में लाते रहे तो पुलिस कोर्सिज में डिस्पिलिन नहीं रहेगा जबकि पुलिस फोर्सिज में डिस्पिलिन और कैपेबिलिटीज का होना अत्यन्त अनिवार्य है। आगे से ऐसे कामों के कारण वे लोग आगे नहीं आएंगे। ये दो आदमी राजसिंह व प्रेम सिंह जी पकड़े गये है हो सकता है कि उनकी इनवाल्वमैन्ट कही न भी हो लेकिन इस सारी बातों का असर तो उन पर अव य ही पड़ेगा ओर आगे के लिये सी0 आई0 डी0 के आफिसर कोई लिखित आदे ा तो किसी को नही देंगे। ऊपर वाला अफसर नीचे वाले को कहेगा और नीचे वाला उस से आगे नीचे कह देगा कि आपकी अमुक अमुक जगहों पर यह यह ड्यूटीज है और यदि आगे से कोई जैनुअन ड्यूटी आई और सवेलैन्स स्टेट के हित में हुआ तो वे लोग, वे कर्मचारी जिनको ऊपर के अफसरों ने और राजनैतिक नेताओं ने नकार दिया कैसे अपनी डयूटी के प्रति ईमानदारी से काम करेंगे? वे हमे ाा कोताही बरतेंगे। उन में इनडिस्पिलिन आएगा और अपनी जोब के प्रति जो उनकी कमिटमैंट है, उनका कया ह ार होगा? इसलिये मै वित्त महोदय ये यह कहूंगा कि वे होममिनिस्टर साहब से इस बारे में बात करें और इस सदन को बताए कि किस तरह से हरियाणा की जो

पुलिस फोर्स है, वह हरियाणावी जनता के हितों की रक्षा करो के लिए और कानून और व्यवस्था को बहाल रखने के लिये कामयाब रहेगी?

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मै कोलोनाइजे ान से संबंधित कुछ बातें रखना चाहता हूं। इस विभाग के बारे में हम यहां पर बहुत कुछ सुन चुके है। पता नहीं इसमें कितनी सच्चाई है लेकिन एक बात स्पश्ट है कि दिल्ली के नजदीक के भाहरों में जिस तरह से अफरा तफरी मची हुई है और जिस तरह से जमीन के ऊपर प्रीमीयम है, उसमें प्रोत्साहित होकर इन्होंने यह काम किया है। मेरी तजबीज यह है कि दिल्ली से 50 किलोमीटर के दायरे में हुड्डा जिस तरह की नीति तैयार करना चाहे करे लेकिन जो दोहात सब डिवीजनल लैवल से या जिला हैडक्वार्टर से दूर पड़ते है उनके लिए सरकार को ज्यादा सुनि चत फार्मूला बनाना चाहिए ताकि जो स्लमं फरीदाबाद जैसे भाहरों में हो गया है वह वहां न हो। गांवों में चाहे हाउसिंग कोआप्रेटिव सोसइटीज बनाई जाएं या एम्पलाइज की सोसाइटीज बनाई बाएं लेकिन जहां पर जमीन का प्रीमियम न के बराबर है वहां पर प्राइवेट क्लोनाइर्ज की जमीन डिवैल्प करने के लिये दी जाए। उनको एक अच्छी योजना के तहत उसे डिवैल्प करने के लिये कहा जाए। यानी वहां पर स्कूल और पार्क वगैरह की सुविधा होनी चाहिए क्योंकि देहात में जिनकी थोड़ी आमदन है या कोई बर्किंग क्लास का आदमी है उसको भाहर मे बसने की योजना होती है। अगर वही ठीक तरह

से व्यवस्था होगी तो वह बड़े भाहरों में भागने की बजाए वही ठहरेगा और इस प्रकार से वहां पर स्लम भी नही होगा। अन्त में डिप्टी स्पीकर साहब, मै वित्त मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि जो बजट अनुमान उन्होंने पे ा किए है, उसके बारे में वि ोश करके जो बातें मैने उनके सामने रखी है वे उनकी तरफ ध्यान दें। जो सामुदायिक विकास के लिए पैसा है कम से कम उसको जरूर बढ़ाने के कश्ट करें। हरियाणा के लोगों की इससे बहुत उम्मीद बंधी थी। उनके स्वप्न तब पूरे हो पांएगे जब व्यवहारिक रूप में पैसा देहात में जाएगा। बाकी जो बाते मैने कही है। वे मनुश्य मंत्री जी और होम मिनिस्टर के नोटिस में वित्त मंत्री जी लाएं और उनका उत्तर दे। धन्यवाद।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह (मेवला महाराजपुर): उपाध्यक्ष महोदय, बजट पर चर्चा चल रही है। मेरे माननीय साथियों ने बड़े अच्छे ढंग से सरकार की आलोचना की। (विघ्न) उपलब्धियों की बात का अभी जिक्र आया है। मेरे साथी श्री रण सिंह मान जी ने काफी लंबी चुप्पी के बाद चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बन्धुवापन की जंजीर को तोड़ कर आज काफी देर के बाद हिम्मत की है। उनको मै हदय से बधाई देता हूं। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, मान साहब ने बजट परजो कहा मै उसी पर बोल रहा हूं। उन्होंने गुलामी की सारी जंजीरें तोड़ दी है। (ाोर एवं विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंह: उपाध्यक्ष महोदय, इनको ये भाब्द वापिस लेने चाहिए।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः ठीक है जी मै वापिस ले लेता हूं।

श्री उपाध्यक्षः महेन्द्र प्रताप जी, आप बजट पर ही बीलें।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, बजट पर चर्चा चल रही है और बजट पर बोलते हुए मेरे साथी श्री सीता राम सिंगला ने जहा और बातें कहीं है उसके साथ साथ उन्होने ये भी कहा है कि अगर इस बजट को गौर से पढ़ा जाए तो यह बजट कांग्रेस पद्धति पर आधारित दिखाई देता है। उपाध्यक्ष महोदय, इस बजट में जो भी प्रावधान किया गया है भाायद वह यह बजट कांग्रेस पद्धति पर आधारित होने के कारण किया गया है। सिंगला साहब ने पता नही किस भाव में कहा लेकिन उन्हें यह बात भी मालूम होनी चाहिए कि विकास की दृश्टि से हरियाणा प्रदे ा का नाम दे ा के नक्े ा पर दो नम्बर पर आता है। हरियाणा प्रदे ा ने विकास के मामले में कांग्रेस के समय भें जो कीर्तिमान स्थापित किया है वह दे ा के लिए आद र्ा बना है। यह बात किसी से छिनी हुई नहीं हैं। इस बारे में ज्यादा डिटेल में जाने की जरूरत नही है यह बात सभी भली भांति जानते है। (ाोर) उपाध्यक्ष महोदय, अगर बजट को गहराई से पड़ा तो यह केवल दो बैसाखियों पर खड़ा नजर आता है और अब ये दो बैसाखियां भी बहुत जर्जर हो चुका है, इनका घुन लग चुका है और जंग लग चुका है। ये दो बैसाखियों है कर्जा मांफी और वृद्धावस्था पैन् ान। कर्जा माफी बात का जहां तक सवाल है उस बारे में जो ये जनता

से वायदा करके आए थे और जो कुछ इन्होंने अब तक किया है उसको दोहराने की आव यकता नही है क्योंकि इस बारे में सारी जनता जानती है कि यह वायदा पूरा नही हुआ है। इस तरह से बृद्धावस्था पैन् ान की बात है इसको भी ये आज तक ठीक प्रकार से लागू नही कर सके है जिससे कि लोगों की ठीक समय पर यह पैन् ान मिल सके। उपाध्यक्ष महोदय, बजट में 95 करोड़ रूपये का घाटा दिखाया गया है और अगले बजट के लिए 765 करोड़ रूपये की रा ि ा रखी है। उपाध्यक्ष महोदय, मै सबसे पहले 1986–87 में जो बजट पे ा हुआ था उस बारे में सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं 1986–87 के बजट को आज तकरीबन 5 साल होने जा रहे है। उस साल काउ बजट भ्रुरू में 525 करोड़ रूपये का था लेकिन बाद में सरकार ने अपने साधन जूटा करके और प्रदे ा के विकास और प्रगति को ध्यान में रखते हुए इतनी चुस्ती के साथ काम किया कि उस सालके बजट को 565 करोड़ रूपये तक पहुंचाया। मेरे कहने का मतलब यह है कि जो प्रस्ताविक बजट था उससे ज्यादा पैसा उस साल के बजट में सरकार ने अपने साधन जूटा करके खर्च किया और बजट को यहां तक ले गए (विघ्न) यह उससमय की बात है जब चौधरी बंसी लाल जी मुख्यमंत्री थे। उपाध्यक्ष महोदय, उसके बाद 1988–89 यानि दो साल बाद बजट को 550 करोड़ रूपये तक ले गए और बाद में 1989–90 में इसको 676 करोड़ रूपये तक ले गए। अब यहां पर मै स्पश्ट करना चाहूंगा कि 1989–90 में भ्रुरू में बजट में प्रोविजन तो 676 करोड़ रूपये कर किया था लेकिन बाद में इस घटा कर 570 करोड़

रूपये तक ले आये। इसी प्रकार से 1990–91 मे बजट को प्रोविजन तो 700 करोड़ रूपये का रख दिया लेकिन बाद में यह भी घटा कर 650 करोड़ तक ले आए। आज फिर जो बजट तैयब जी ने रहा है, इससे कुछ पुराने संस्कार जामें है और इस बजट को 765 करोड़ रूपये तक ले गए है लेकिन पिछले सालों को देखते हुए यह दिखाई नहीं देता कि ये साल खत्म होते इसको इतना रहने देंगे या नही क्योंकि बजट में पहले ही 95 करोड़ रूपये का घाटा है। इस घाटे की वजह से मुद्रास्फिती बढ़ेगी। अगर इनकी दो–तीन सालों की पुरानी परम्पराओं को देखा जाये तो इस साल भी फिर कम से कम 50–60 करोड़ रूपये का घाटा उठाना पड़ेगा। ये इसको कैसे पूरा करेंगे यह समझ नही आता। उपाध्यक्ष महोदय, ये यहां इस बजट को कर रहित बता रहे है। यह स्वाभाविक है कि जब चुनाव नजदीक आ रहे हो तो कोई भी सरकार टैक्स लगाने कर जोखिम नही उठाना चाहेगी क्योंकि उसको जनता के सामने जाना होता है। उनको अब टैक्स लगाने की जरूरत भी नही थी क्योंकि सरकार पहले ही 115 करोड़ रूपये के टैक्स लगा चुकी है। ये इस घाटे की पूर्ती कैसे इस बारे मै मुझे कोई रास्ता समझ नही आ रहा। यह जो घाटा है इसको प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से कर लगा कर या किसी अन्य तरीके से पूरा करना पड़ेगा। उपाध्यक्ष महोदय, यह जो 765 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया गया हैै मुझे भांका है कि यह भी कम ही जाएगा। इसलिये यदि इस बजट को दि ाभ्रामक और नीरस बजट कहा जाए तो कोई गलत बात नही होगा। इस बजट

में योजना सहायता की भी सम्मिलित है। प्लानिंग कमी ान के एक माननीय मैम्बर से मेरी बात हुई थी तो उन्होंने बताया था कि 200 करोड़ रूपये की व्यवस्था हरियाणा के लिये की गई है। जो केन्द्रीय सहायता 200 करोड़ रूपये की मिलनी है उसको अगर इस बजट मे से निकाल दिया जाए तो यह बजट केवल साढ़े–पांच सौ करोड़ रूपय का ही रह जाता है। सरकार में अपने साधनों से करीब साढे पांच सौ करोड़ रूपयेही जुटाने है जब कि कांग्रेस ने जो बजट पे ा किया था वह भी करीब साढे–पांच सौ करोड़ा का ही था जिसमें 50–60 करोड़ की केन्द्रीय सहायता थी। यदि इसमें 10 प्रति ात मंहगाई का खर्च घटा भी दिया जाता है तो जो यह 765 करोड़ रूपये का बजट पे ा किया गया है यहा बहुत ही कम है जबकि कम से कम 1,000 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान होना चाहिए था। इस प्रकार अगर इस प्रकार अगर इस बजट की दि ाा–हीन बजट कहा जाए तो कोई गलत नही होग। अध्यक्ष्य महोदय, जब 3–4 साल पहले यह सरकार आई थी और केन्द्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी तो यह कहा जाता था कि केन्द्र से हरियाणा को पूरा पैसा नही मिल रहा है, केन्द्रीय मदद नही मिल रही है। इसी प्रकार से एस0 वाई0 एल0 नहर के मामने में भी कहा जाता था कि कांग्रेस सरकार की मदद नही मिल रही है लेकिन अब तो वह सब बहाने भी खत्म हो गए है।

उपाध्यक्ष महोदय, जब तो केन्द्र में भी सरकार इनकी है और हरियाणा में भी इनकी ही सरकार है। इसलिये अब इस प्रकार

के बहाने की भी कोई गुन्जाई ा नही रही है और अब तो यह इन्हीं की ही जिम्मेदारो बनती है। उपाध्यक्ष महोदय, बजट में डिज्नीलैण्ड पर भी खर्च का प्रावधान किया है पिछले दिनों इस योजना के ऊपर इस दे ा में अखबारों के जरिये काफी भाोर और चर्चा रही तथा जनता ने रैलियां करके भी इसके खिलाऊ अपना रोव प्रकट किया। यह जमीन वास्तव में ऐसी है कि इसमें स्वतन्त्रता संवर्श का लहूं मिला हुआ है। यह एरिया स्वतन्त्रता संग्राम में भाग लेने वालों का एरिया रहा है जिस कारण लोगों का इस जमीन के साथ भावनात्मक रि ता जुड़ा हुआ है इतना रोव और भाोर होने के बावजूद भी सरकार इस योजना पर कार्य करने के लिए बजिद हैं उपाध्यक्ष महोदय, पिछले सै ान में भी मैने सुझाव दिया था कि यदि इस योजना को लागू करना इतना ही जरूरी है तो जो पहाड़ो एरिया पड़ता है उसमे ंकाफी जगह है वहां पर सरकार को चाहे 10 हजार, 20 हजार या जितने एकड़ जमीन की आव यकता हो आसानी से मिल सकती है। जो जमीन इस कार्य के लिए एक्वायर की जा रही है वह या तो किसानों की जमीन है या फिर पंचायतों की जमीन है। यह जमीन किसानो की नही है यह कह कर में लोग जनता को गुमराह कर रहे है। (विघ्न) चौधरी सम्पत सिंह जी यह आदत तो आपकी हो रही है और इसका इलाज मेरे पास तो नही है, हां जनता जरूर इसका इलाज कर देगी। (विघ्न) सत्तापक्ष ने वहां पर नामी बेतामी जमीने खरीद रखी है। अपने स्वार्थ को दृश्टिगत रखते हुए ही इस योजना को कार्यन्वित करने हेतू इतना जोर दिया जा रहा है जो

कि बहुत ही भार्म की बात है लोकतन्त्र में सबसे बड़ा जनहित होता है। यह जमीन दे ाभक्तों की जमीन है। मै सस्कार से आग्रह करूंगा कि इस स्कीम पुर्नविचार किया जाए। उपाध्यक्ष महोदय, लोगों के विद्रोह और रोश के कारण इस का आकर 27 हजार एकड़ से घटा कर करीब 4 हजार एकड़ कर दिया गया है लेकिन अच्छा यह होता कि इस योजना को रोक दिया जाता। जब जब भी सरकार इसको छेड़ेगी तक तब सरकार के लिए खतरा पैदा हो जाएगा जिस सरकार ने भी इसका जिक्र किया वही सस्कार खत्म हो गई। यह उन लोगों को जमीन है जिन्होंने दे ा के लिये कुर्बानियां दी है। (विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह जी, आप केवल बजट पर ही बोले।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, अच्छा होग अगर इस खर्च को प्रवे ा के विकास की तरफ लगाया जायें। आज हरियाणा को ऐसी किसी योजना की जरूरत नही है। अब यहां पर विकास की बहुत ज्यादा जरूरत है। हमारे जो लोग गरीबी रेखा से नीचे रह रहे है, इस पैसे का एय्या ाों की तरफ खर्च करने की बजाये प्रदे ा में ऐसे लोगों की बहबूदी के लिये खर्च करे तो ज्यादा अच्छा रहेगा। पुलिस की भर्ती के लिये इसमें जो 46 करोड़ रूपया रखा गया है और उनके रख–रखाव के लिये 142 करोड़ रूपया जो इस साल के बजट में रखा गया है उसका भी इसमें जिक्र आया है। उपाध्यक्ष महोदय, प्रदे ा में बिगड़ती हुई ला

एंड आर्डर की हालत, बिगड़ते और बढ़ते हुए आंकवाद और इसके अलावा जो इतनी बड़ी घटनाएं हो रही है, उनको देखते हुए वह जरूरी है कि उसके लिये यह पैसा खर्च किया जाये। कर्मचारियों को सहूलियतें देने के लिये पैसे की जरूरत होती है। लेकिन यह पैसा जो हमसे मांगा जा रहा है, कही यह पैसा उन बेकार की चीजों के लिये खर्च न हो जैसे कि अभी पता चला है। दो सिपाहियों पर जिस प्रकार से पैसा खर्च हुआ है, कही इस तरह की कोई दूसरी ब्रिगेड बनाने के लिये इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। 3500 सिपाहियों की भर्ती का भी इसकमें जिक्र आया है। सिपाहियों की भर्ती का भी जिक्र किया था। चौधरी देवी लाल ने इसका जिक्र किया था कि हरियाणा के अन्दर पुलिस की भर्ती पैसे लेकर की गयी है। इस प्रकार की एक घटना तो मुझे याद है। पिछली बार जब पुलिस की सिपाहियों की भर्ती हुई तो एक नौजवान मेरे पास करैक्टर बैरीफिके ान के लिये फार्म अटैस्ट करवाने आया। उस समय तक भर्ती। हो चुकी थी। उस सब के मैडीकल भी हो चुके थे। जब मत उससे यह कहा कि भाई तुम कैसे पीछे रह गये, अब तो भर्ती है। तो वह कहने लगा कि आपसे अब क्या छुपाना। मैने 35000 रूपये दिये है। मै उसका नाम तो नही लेना चाहूंगा। लेकिन मै यह बात पूरी ईमानदारी से कह रहा हूं।

प्रो0 सम्पत सिहः उपाध्यक्ष महोदय, मै यह कहना चाहता हूं कि एक नाम ही बता दे कि किसी ने पैसे लिये है। अगर कोई

एक सिगंल केस भी ही ता यह बता दे। हम उसके खिलाफ बाकयदा केस रजिस्टर भी करेंगै और उसके खिलाफ कार्यवाही भी करेंगे। (विघ्न एव भाोर)

डा0 रघुबीर सिंहः यदि हमने नाम दे दिए तो वे सारे हट जाएंगे। (ाोर)

Prof. Sampat Singh: Mr. Kadian, it was not recruitment in Confed. It was a police recruitment.

डा0 रघुबीर सिंहः आन ए प्वाग्रंट आफ आर्डर सर। मै आपके माध्यम से माननीय साथी से यह कहूंगा कि बड़ा ही जिम्मदाराना ओहदा इसके पास है और सरकार को यह चला रहे है। इस सरकार के चलाने में गरीब लोगों का पैसा खर्च होता है। पुलिस रिकूटमैंट के बारे में उन्होंने यह कहा कि यह रिक्रूटमैंट थी। सर, एफीडैबिट इस बारे में मौजूद है। अगर यह केस दर्ज करने तो कम से कम 8000 सिपाही तो हट जायेंगे।

प्रो0 सम्पत सिंहः आप प्रूफ लायै, हम बाकायदा केस रजिस्टर करेंगे। 8,000 हो नही चाहे कितने लोग हटैं अगर आप प्रूफ लेकर आयेगे तो हम बाकायदा केस रजिस्टर करेंगे। I again repeat that it was not recrutment in Confed It was a recruitment in the Police Department,

श्री उपाध्यक्षः महेन्द्र प्रताप जी, आप अपने टाईम का ध्यान रखे।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय न जो कुछ कहा है, वह दूसरी बात है लेकिन मै जो कुछ कह रहा हूं वह पूरे यकीन और ईमानदारी के साथ कह रहा हूं। जो बात मेरे सामने हुई है वह मैने आपके सामने रख दी है। मै यह कहं रहा था कि ऐसा कोई न कोई मंच होना चाहिये जहां पर ऐसी बात क्लैरीफाई की जा सके जैसे कि मुख्य मंत्री महोदय ने पुलिस रिक्रूटमैंट के बारे में कहा था। मै उस आदमी का नाम नही देना चाहता। अगर मै उसका नाम दूंगा तो हो सकता है, उसकी नौकरी चली जाए और उसका पैसा भी वापिस न दे तो हो सकता है, उसकी नौकरी चली जाए और उसका पैसा भी ये वापिस न दे सके। (व्यवधान व भाोर) बहुत अच्छा मै आपको नाम भी बता दूंगा। अगर आप की नाम बताने से तसल्ली होती है, तो मै वह भी कर दूंगा। लेकिन मै एक बात जो कहना चाहता हूं वह यह है कि इसमें एक फीसदीह भी गुजाई ा नहीं है कि ऐसा नही हुआ है (घंटी) उपाध्यक्ष महोदय, अभी तो मुझे बोलते हुए 5–7 मिनट ही हुए होंगें।

श्री उपाध्यक्षः आपको बोलते हुए 20 मिनट हो चुके है। आप जल्दी समाप्त करिये।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः मै कुछ सुझाव देकर समाप्त कर दूगा। मरी पार्टी का और मैम्बर इसमें हिस्सा नही लेगा। उपाध्यक्ष महोदय, इस में ि ाक्षा के लिये 36 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। मै मंत्री महोदय से और खास तौर पर चौधरी तैयब

हुसैन जी से यह कहना चाहूंगा कि हरियाणा में चाहे प्राइमरी स्कूलों की बात हो मिडल स्कूलो की बात हो, हाई स्कूलों की बात हो या 10 प्लस 2 स्कूलों की बात हो, ओर प्रदे ाों के मुकाबले ि ाक्षा के लिये जो संस्थाए है, वे काफी है। इसमे कोई दो राय नही और मेरा कहना यह है कि इनको और बढ़ावा दिया जाना चाहिये। लेकिन जो कभी मैने महसूस की है वह मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं। यह सरकार जनता को कहती है कि हमने इतने स्कूल खोले है और इतने स्कूल अपग्रेड किए है लेकिन जब वहां पर बच्चों के लिये कोई कमरा न हो, कोई बैठने के लिये फ र्ा न हो तो उसका ज्यादा फायदा नही होता। उपाध्यक्ष महोदय, मैने खुद देखा है कि प्राइमरी स्कूल में एक–एक कमरा है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि अप कम्पैन चलाए जैसे कि कांग्रेस भाासन मे था कि हर गांव में सड़क और हर गांव में बिजली पहुंचाई जाएगी (ाोर एव व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, यह रिकार्ड की बात है और इन्होंने चार साल पहले इस बात को माना भी था। परा कहना यह है कि सब स्कूलों के लिये बिल्डिंग बनाई जाएं। इससे आगे मै खाद्य तथा अपूर्ति के बारे में कुछ कहना चाहता हूं।

श्री उपाध्यक्षः बस, आप आप बैठिए। आपका टाईम खत्म हो गया है।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, मै अपनी पार्टी की और से अकेला बोल रहा हूं मेरी पार्टी का कोई नही बोला है। (ाोर एवं व्यवधान)

प्रो0 सम्पत सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, इनके समय में दो घंटे बिजली मिलती थी और अब 24 घंटे बिजली मिलती है।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, जो बात अच्छी है उसको मै ऐप्री ि ाएट करूंगा और मैने हमे ाा किया है। उपाध्यक्ष महोदय, खाद्य तथा आपूर्ति के मामले पर मैने एक मो ान दी थी और उसमें कहा था कि आटे की पोजी ान यह है कि आज आटा पांच रूपय किलो बिक रहा है और गरीब लोगों को बड़ी परे ाानी हो रही है। (ाोर एवं व्यवधान) मै यह कहना चाहता हूं कि जो डिपोज पर आटा जाता था वह दूसरे प्रदे ाो मै ब्लैक में बिकता रहा है। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिये । इस संबंध में गुड़गांव का एक मामला मै सरकार के नोटिस में भी लाया था। वहां का जो डी0 एफ0 एस0 ओ0 था। उसने तीस रूपये बोरी के हिसाब से डिपो होल्डर्ज से सारे जिले में लिए। जब उसकी ि ाकायत मुख्य मंत्री जी से हुई तो इन्होंने अच्छा कदम उठाया और उसको सस्पैन्ड कर दिया लेकिन अफसोस इस बात का है कि उसको पन्द्रह दिन के बाद फिर लगा दिया। उपाध्यक्ष महोदय, जब तक यह चीज रहेगी तब तक व्यवस्था कैसे ठीक हो सकती है। उपाध्यक्ष महोदय, यहां पर झुग्गी झौपड़ी की बात भी कही गई। अनअथाराइज्ड कालोनीज का भी जिक्र आया।

यह समस्या इस प्रदे ा के लिये बड़ी भंयकर है और फरीदाबाद तो इसका मुख्य केन्द्र बने और झुग्गी झोपड़ियां न बने। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः आप बैठिए। आपको बोलते हुए तीस मिनट हो गए है।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः मुझे लगता है कि यह इनका आखिरी सै ान है। (ाोर एवं व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, मैने तो कुछ समस्याओं की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना है और उन्ही समस्यओं का जिक्र किया है। (ाोर एवं व्यवधान)

Mr. Deputy Speaker: Nothing more is to be recorded. Shri Maha Singh.

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः .....

श्री महा सिंह (राई): उपाध्यक्ष महोदय, 8 मार्च की इस हाउस में बजट पे ा किया गया, उस पर मै अपने विचार रखने के लिखे खड़ा हुआ हूं। सब से पहले मै इसके लिये अपने हाउस के नेता को और वित मंत्री महोदय को मुबारिकबाद देता हूं कि इस सरकार ने वितीय कंसट्रेन होने के बावजूद, कर रहित बजट पे ा किया है। उपाध्यक्ष महोदय, भाई महेन्द्र प्रताप सिंह जी बड़ा बढ़ चढ़ कर यहां पर बातैं कर रहे थें। उनकी सरकार के जो पिछले काले कारनामे रहे है, उनका मैं यहां पर ब्यान करूंगा। (ाोर) उपाध्यक्ष महोदय, ये ज्यादा गरीबों के हितैशी बनते है भाायद ये

उन काले दिनों को भूल गये है कि सलाखों में डाल दिया था। (ाोर एवं व्यवधान) (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए)

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः आध्यक्ष महोदय,.....

श्री अध्यक्षः यह रिकार्ड न किया जाए।

श्री महा सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै आपकी आज्ञा से व्यवस्था की बात कहता हूं कि भाई महेन्द्र प्रताप सिंह जो की थोड़ी थोड़ी देर के बाद पता नही खुजली उठती है और जब चाहें वे खड़े होकर उठकर बोलने लग जाते है। उनको कम से कम इस हाउस की मान–मार्यदा का भी ध्यान रखना चाहिये और स्पीकर महोदय की आ ा के बिना बोलना नही चाहिये। (ाोर)

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः अध्यक्ष महोदय, जब सही बता कही जाती है तो वह कड़वी लगती और ये लोग सच्ची बात को सुनना बर्दा त नही करते। (ाोर)

श्री महा सिहंः अध्यक्ष महोदय, मुझे यह कहते हुए बड़ी खु ाी हो रही है कि इस सरकार ने गांव के किसानों की तरक्की के लिये यह बजट पे ा किया है और इस बजट का 71 परसैन्ट पैसा गांवो की बहबूदी व खु ाहाली पर ही खर्च होगा। होना भी चाहिये क्योंकि यह प्रदे ा किसानों का प्रदे ा है। इसके लिये मैं अपनी सरकार का धन्यवाद करता हूं। कुछ भाई इस बात की भांका करते है या इलजाम लगाते है कि यह सरकार भाहर वालों के खिलाफ है। मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि इस बजट के

अन्दर भाहरा की तरक्की को उतनी ही बात सोची गई है जितनी कि देहात की। मै कहता हूं कि अगर 71 प्रति ात की बजाए 80 प्रति ात बजट देहात को जाए तो गलत न होगा। भाहरों की तरक्की के लिए मौजूद सरकार चौधरी हुक्म सिंह की सरकार ने बहुत काम किए है। एक स्मल डिवैल्पमैंट बोर्ड बनाया गया, म्युनिसिपल ग्रांट कमी ान बनाया गया। भाहरों में जो म्युनिसिंपल कमेटियों की आमदन कम थी उनके लिए सरकार ने दूसरे सोसिज जुटाए। इसलिए यह कहना नावजिब है कि यह सरकार भाहरों के खिलाफ है। चाहे कोई आदमी कही भी रहता हो यह सरकार सब को तरक्की करना चाहती है, इस बात को यह बजट द ार्ाता है। इसके साथ–साथ मै एक और बात आपको माध्यम से कहना चाहूता हूं। मंडल कनी ान के बारे में भाई महेन्द्र के जरिए उनसे पूछना चाहा तो उन्होंने फट से अपनी बात बदल कर कहा कि मै इसको हिमायत करता हूं। (विघ्न)

श्री महेन्द्र प्रताप सिहंः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है।

श्री अध्यक्षः आप कृपया बैठे। मेरी इजाजत के बगैर जो कुछ भी बोला जाए वह रिकार्ड नही होगा।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः.....

श्री महा सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै इस बजट के माध्यम से मडल कमी ान के बारे विचार रखना चाहता हूं। मै भाई महेन्द्र

प्रताप जी से प्रार्थना करूंगा कि वे भाान्त हो कर बैठे। जब उनकी बातें हमने सुनी तो वे भी हमारी बात सुने। कुछ भाइयों ने इलजाम लगाया कि चौधरी देवी लाल मंडल कमी ान के खिलाफ थे। मैं बताता हूं कि हिन्दुस्तान में वे पहले आदमी थे जिन्होंने उस रिपोर्ट को और भी अच्छे ढंग से इम्पलीमैंट करवाया। वे इसको लागू करवाने के लिए जेल में गए। एक बात मैं कहना चाहता हूं कि मंडल कमी ान की रिपोर्ट में कुछ कमियां नजर आई जिसकी वजह से लोगों में रि–एक ान हुआ लेकिन मैं हुकम सिंह सरकार को मुबारिकबाद देना चाहता हूं क्योंकि लोगों की तरफ से यह बात आई थी कि रिजर्वे ान का बेस इकोनोमिक होना चाहिए। इस मांग को देखते हुए हमारी सरकार ने गुरनाम सिंह कमी ान बैठा दिया। इसमें जो कमियां नजर आती थी वे पूरी कर दी। इससे हरियाणा में एक नई कान्ति की भाुरूआत हुई। आज हरियाणा का सारा दे ा अनुसरण करता है। आने वाले समय में रिजर्वे ान के खिलाफ कोई बगावत न हो इस कमी को भी हमारी सरकार ने पूरा किया है। आज दे ा में सब से बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। मै हुक्म सिंह सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि इन्होने एक परिवार में एक रोजगार देने की बहुत अच्छी योजना बनाई है। ये लोग कह रहे थे कि प्रदे ा के अन्दर इतने परिवार है इसलिए इतने रोजगार सरकार नही दे पाएगी। हम बताएंगे कि कैसे रोजगार दे सकते है। यह तरीका भी हम बताएंगे कि हर परिवार के एक आदमी को हम कैसे रोजगार देंगे। हम सबसे पहले बेरोजगारों को रोजगार के साधन जुटाने के लिए

ि ाक्षा पद्धति में सुधार करेंगे। जो टैक्नीकल ि ाक्षा है हम उसको लागू करैंगे, जो जोब ओरिएन्टिड ि ाक्षा है हम उसको लागू करेगे। इसके साथ–साथ हमारी सरकार ने साइड बिजनैस जैसी योजनाएं भुरू की है। दिल्ली के चारों तरफ लगते हुए हरियाणा प्रदे ा के 40 किलोमीटर के एरिया में लोगों को कै ा क्रौप पैदा करने के लिए बढ़ावा दिया है ताकि उन लोगों को रोजगार मिल सके और उसकी आमदनी हो सके। हमारे ऐम्पलायमैट मिनिस्टर सैनी साहब ने कहा कि हरियाणा के अन्दर 30–35 लाख परिवार ऐसे नही है। जिनके हर घर में बेरोजगार बैठा है। हो सकता है कि लगभग एक लाख नौजवान हरियाणा के अन्दर बेरोजगार हो उनको भी हमारी सरकार रोजगार के साधन जुटाएगी किसी को परमिट देगी, किसी को लाइसैंस देगी। जो बेरोजगार नौजवान है उनको हमारी सरकार ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराएगी। हमारी सरकार एक परिवार एक रोजगार स्कोम को अव य लागू करेंगी। अध्यक्ष महोदय, अब मै बिजली के संबंध में कहना चाहूंगा। मै भाई महेन्द्र प्रताप जी से पूछना चहाता हूं कि इस समय हरियाणा के किसानों को कितनी बिजली मिल रही है और जब आपकी कांग्रेस पार्टी को सरकार थी उस समय किसानों को कितनी बिजली मिलती थी हमारी सरकार आने के बाद हरियाणा के किसानों को 53 परसैंट बिजली मिल रही है और आपकी कांग्रेस पार्टी के समय में किसानों को केवल 18 परसैंट बिजली मिलती थी। क्या आप किसानों को 18 परसैंट बिजली दे करके उनके हितैशी बनते थे? किसानों की हितैरी तो

यह सरकार है जिसमें 53 परसैंट बिजली देहातों को दी है और दे रही है। हर किसान के खेत में, घर में और खलिहान में बिजली जा रही है। भाई महेन्द्र प्रताप जी ने बोलतेक हुए कहा कि आपको पता लग जाएगा जब चुनाव आने वाले है। मै कहता हूं कि भाई महेन्द्र प्रताप जी पता आपको भी लग जाएगा जब चौधरी देवी लाल जी का यह नारा होगा कि लोगों भाप यह बताओं कि आपको बिजली कांग्रेस के समय में कितनी मिलती थी और अब कितनी मिल रही है। इसके अलावा मै एक बात यह भी कहना चाहूंगा कि हमारी सरकार ने सामाजिक परिवर्तन किया है जोकि हमारी सरकार का एक बहुत ही सराहनीय काम है। भाई महेन्द्र प्रताप जी किस मूंह से कह रहे है कि यह बजट दो बैसाखियों पर खड़ा है भाायद इनको यह नजर नही आता कि यह एक आर्थिक परिवर्तन है जो हमारी सरकार ने बुढ़ापा पैं ान लागू की है। हरियाणा प्रान्त हिन्दुस्तान का पहला प्रान्त है जहां पर बूढे लोगों को बुढ़ापा पै ान दे कर सम्मान दिया गया है। जो बुढ़ापा पै ान लागू की गई है यह किसी आम आदमी की अर्थिक सहायता के लिये लागू नही की गई है। यह तो बूढ़े के समान के रूप में पैं ान दी गई है। जब हम गांवो मैं जाते है तो देखते है कि बूढ़े लोग चौपाल, डाकखाना या किसी सामूहिक जगह बैठे होते है और जब उनको यह कहा जाता है कि पैं ान आई हुई है तो कोई बूढ़ा लाठी ले कर चलता है और कोई बच्चा आपने दादा की ऊंगली पकड़ कर डाकखाने तक ले जाता है। वहां जा कर बूढ़े

बुढ़िया 800–800 रूपय के नोट लेते है। इस सरकार ने उनको बहुत सम्मान दिया है। (ाोर)

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै यह कहना चाहता हूं कि जब हमारी माननीय साथी आगरा के एक होटल में थे उस समय यह बुढ़ापा पैं ान और बूढ़ी का सम्मान कहां पर था? (ाोर)

श्री अध्यक्षः यह कोई प्लायंट औफ् आर्डर नही है।

श्री महा सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै कह रहा था कि जब बूढ़े बुढ़ियों को पैं ान के 800–800 रूपय के नोट मिलते है और जब वे अपने घर में आ कर एक कमरे में बैंठ कर दरवाजा बन्द करके उन नोटों को गिनने लगते है तो उस समय उनके पोता पोती आ कर पूछते है कि दादा जी चाय लांऊ। चौधरी देवी लाल जी के नेतृत्व वाली सरकार ने बूढ़ो को ऐसा सम्मान दिया जिसके लिए वह सरकार बधाई की पात्र है। इस सरकार ने यह बहुत ही क्रातिकारी परिवर्तन की बात की है।

अध्यक्ष महोदय, सरकारी कर्मचारियों के लिए यहां पर बड़ा भाोर– ाराबा हुआ कि उनके साथ बेइन्साफी हुई है लेकिन मै इन्हें यह बताना चाहता हूं कि हमारे सदन के नेता ने अपने कर्मचारियों के लिए 30–32 करोड़ रूपये की राहत दी और इस बात की चर्चा बजट में थी है। सरकार ने उनका मैडिकल एलाडंस बढ़ाया है और दूसरी कई सहूलियतें दी है और ये सहूलियतें भी

उस समय दी जब प्रदे ा की वितीय स्थिति बहुत ही खराब हालत में है। यह वितीय संकट एक तो खाड़ी संकट और दूसरी कई सहूलियतें दी है और ये सहूलियतें भी उस समय दी जब प्रदे ा की वितीय स्थिति बहुत ही खराब हालत में है। यह वितीय संकट एक तो खांड़ी सकंट की वजह से पैदा हुआ और दूसरे कुछ और कारणों से पैदा हुआ। मेरे कहने का मतलब यह कि इतने वितीय संकटों के बावजूद भी सरकार ने अपना दिल खोल कर अपने कर्मचारियों को सहायता दी है और इतना ही नही सी0 एम0 साहब ने यहा है कि फिर भी किसी कर्मचारी भाई की कोई ि ाकायत है तो सरकार के दरवाजे के लिए हमे ाा 24 घंटे खुले हुए है और इसी प्रकार से कोई उनकी उचित मांग होगी तो सरकार उसको भी मानने के लिए तैयार है। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, कुछ भाई कहते है कि इस सरकार ने कुछ नही किया। अध्यक्ष महोदय, पहले जब चौधरी देवी लाल जो चीफ मिनिस्टर थे तो उन्होंने यानि हरियाणा सरकार ने ओलावृश्टि से हुए फसलों के नुकसान का मुआवजा अपने हरियाणा के किसानों को दिया। यह मुआवजा उनसे पहले हिन्दुस्तान के किसी सूबे की दूसरी सरकार ने कभी नही दिया था। चौधरी देवी लाल जी ने नैचुरल कलेमैटीज से होने वाली फसलो मुआवजा देना भाुरू किया है। इस घोशणा को करने वाले वे सबसे पहले मुख्यमंत्री थे। मुआवजा भी कम नही बाल्कि 400 रूपया प्रति एकड़ के हिसाब से दिया गया है। पिछले सै ान में भी मैने इस संबंध में एक बात व्यक्तिगत रूप से कही थी कि जब पिछे चौधरी देवी लाल जी चीफ मिनिस्टर थे और सै ान चल

रहा था तो जिस प्रकार से अब की बार चलते सै ान में ओले पड़े है उसी प्रकार से उस समय भी ओले पड़े गए थें। उस समय बदकिस्मती मे ंमेरे हल्के में भी काफी ओले पड़े थे। और फसलों का बहुत अधिक नुकसान हुआ था। जब ओला वृश्टि से फसलों का काफी नुकसान हुआ तो तमाम डी0 सीज0 की रिपोर्ट मुख्यमंत्री महोदय तक आई तो चौधरी देवी लाल जी सदन छोड़ कर देहात में गए। चूंकि मेरे हल्के में उस समय बहुत अधिक नुक्सान हुआ था वे सबसे पहले मेरे हल्के में गए और मै भी उस समय उनके साथ था। वहां खेतों में जा कर जब उन्होंने गेहूं की फसलों का नुक्सान देखा तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। मेरे हल्के के अन्दर जब वे एक गांव से गुजर रहे थे जो मेन रोड के साथ था तो उन्होंने खेत के अन्दर एक बूढ़े आदमी को बैठे हुए देखा। वे गाड़ी रोक कर के उसके पास पहूंचे और उस किसान से पूछा की बाबा आपको क्या तकलीफ है तो वह कहने लगा कि मेरे पास केवल 4 एकड़ जमीन थी और उसमें जितनी भी मेरा फसल थी वह सारी की सारी ओलावृश्टि से खराब हो गई है। वह बेचारा रो रहा था और बुरी तरह से सिसक रहा था। उसने अपनी बात कही नही जा रही थी। यह हालत उसकी चौधरी देवी लाल जी से देखी नही गई। बूढे बाबा ने कहा कि मेरे 5–6 छोटे–छोटे बच्चे है उनकी क्या होगा। इस पर चौधरी देवी लाल जी ने अपनी जेब में हाथ डाला और जितने पैस जेब में थे वे सारे के सारे उस बाबा को दे दिए और कहने लगे कि ये पैसे तो तुम रखो बाकी आपकी सरकारी तौर पर स्पै ाल गिरदावरी होगी और जो पैसा सरकारी

तौर से दिया जायेगा वह अलग से होगा। (विघ्न) मैने बाद में उस बाबा से पूछा कि आप की चौधरी साहब कितने पैसे देकर गए है तो वह कहने लगा कि 4 हजार रूपये थे । (विघ्न) 400 नही 4000 थे।

17.00 बजे

अध्यक्ष महोदय, और भी बहुत से मुद्दे बजट में पे । किए गए है जिनकी बारे में से कहना चाहता हूं। सदन के अन्दर एम्यूजमैंट पार्क यानि डिजनीलैड पर भी चर्चा हुई। पर्यटन विभाग का इस हकीकत को कई भाई समझ नही कि और इन्होने उस गलत ढंग से लिया। टूरिज्म से सबसे ज्यादा फारेन एक्ससैज हिन्दुस्तान में कमाया जा रहा है इसलिए टूरिज्म को बढ़ाया दिया जाता बहुत जरूरी है। टूरिज्म डिपार्टमैंट के जरिये सरकार गरीवों की भलाई करना चाहती है। टूरिज्म के जरिए सरकार अमीर आदमी को जैब से निकाल कर गरीब को देना चाहती हैं इससे किसानों के साथ, गरीबों के साथ कोई नाइन्साफी की बात नही है। हिन्दुस्तान में बहुत से सैलानी हर साल आते है जिनसे काफी फारेन एक्सचेंज प्राप्त होता है। स्पीकर साहब, दुनिया में अगर कोई सबसे ज्यादा भाौक है तो वह है सैर करना। लोग घुमने के लिए आते है और हिन्दुस्तान को सबसे ज्यादा फारेन करन्सी ट्ररिज्म से प्राप्त हो रही है। यही कारण है कि हिन्दुस्तान की सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। टूरिज्म के बारे में बोलते हुए माननीय साथी श्री भार्मा जी ने

भी कबूल किया कि टूरिज्म स्थलों पर पहले बहुत महगा खाना मिला करता था लेकिन इस सरकार ने पर्यटक स्थली पर साढे सात रूपये की थाली दे कर एक आद र्ा कायम किया है। इसमें गरीब आदमी के भले की बात की गई है, उसका फायदा किया है अध्यक्ष महोदय डिजनीलैड बनाने की बात का भी जिक्र किया गया है लेकिन हरियाणा सरकार कोई डिजनीलैंड नही बना रही है। हां मनोरजंन पार्क बनाने की बात जरूर है। जब लोगो ने इस मनोरंजन पार्क के बनाएं जाने का कुछ विरोध किया तो सरकार ने लोगों के मन को जानते हुए और उनकी भावनाओं की कद्र करते हुए 26–28 हजार एकड़ भूमि पर बनने वाले इस मनोरंजन पार्क के एरिया को घटाकर 4–6 हजार एकड़ कर दिया है। स्पीकर साहब, यह भी कहा गया कि किसानों की जमीन ली गई और बड़े–बड़े फार्म कायम किये गए है लेकिन ऐसा नही है। इस पार्क के लिए किसानों और गरीब आदिमयों की जमीन नही लो गई है। ऐसा मनोरजन पार्क बनाना गरीब विरोधी नही है, किसान विरोधी नही है। इस मनोरंजन पार्क के बतने से कई गरीब लोगों की जीब्ज मिलैगी उनकी जेब मैं जेब से पैसा आएगा और लोगों का भला होग। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः डा0 साहब, अब आप वाईड अप कंरिये।

श्री महा सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै इस सारे बजट का समर्थन करते हुए यह कहना चाहता हूं कि यह बजंट गरीबों के भले का बजट है और इससे आम आदमी का जमीन स्तर ऊपर

उठेगा। अध्यक्ष महोदय, एक बात मैं और दावे के साथ कह सकता हूं कि इस सरकार ने जितनों डेली येज, दिहाड़ीदार को एक दिन की मजदूरी दी है वह भाायद पंजाब के अलावा पूरे हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा है। (विघ्न) यू तो कम्यूनिस्ट कहते है कि हिम तो मजदूर को सरकार है और जो भी काम करते है उसमें मजदूरों को बराबर का हिस्सा देते है लेकिन कोई भी कम्यूनिस्ट सरकार इतने बेजिज नहीं दे पाई जितनी कि हरियाणा सरकार ने दिये है। (विघ्न) स्पीकर साहब, हरियाणा सरकार गरीब और मजदूर की सरकार है और उनकी भलाई के लिए उसने एक नही कदम उठाये है जिसको सराहना पूरे हिन्दुस्तान में को गई है।

दिहाडीदार मजदूरी को हमारी सरकार ने तो इतनी ज्यादा मजदूरी दी है लेकिन इन कमण्डल वालों की सरकार ने मजदूरी के लिए क्या किया है? (विघ्न)

श्री राम बिलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट औफ आर्डर है। डा0 महा सिंह जी कमण्डल वालों की सरकार कहा है। यह कमण्डल की सरकार नही है बल्कि ये बी0 जे0 पी0 की सरकारें है जो गरीब और मजदूर समर्थक सरकारें है। मैं इन्हें यह बताना चाहता हूं कि मध्य प्रदे ा में बोड़ी बनाने वाले एक मजदूर को 15 रूपये दैनिक मिला करते थे लेकिन हमारी मध्य प्रदेश की सरकार ने बीड़ी बनाने वाले मजदूर की दैनिक मजदूरी 15 रूपये से बढ़ा कर 45 रूपये कर दी है। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः भार्मा जी, ठीक है, अब आप बैठिए।

श्री महा सिंहः स्पीकर साहब, एक और महत्वपूर्ण बात जो सारे हरियाणा के हित को है, वह है एम0 वाई0 एल0 कैनाल का बनाया जाना। सभी लोग इन बात की मानते है कि एम0 वाई0 एल0 हरियाणा के लिए लाईफ लाईन है। अध्यक्ष महोदय, एम0 वाई0 एल0 नहर को पूरा किये जाने के लिए मास्टर हुकम सिंह जी की सरकार सबसे ज्यादा प्रयास कर रही है ताकि इसका निर्माण जल्दी से जल्दी हो सके लेकिन नहर का क्षेत्र हमारी टैरीटरो में नहीं है, पंजाब की टैरीटरी में है। हरियाणा सरकार हर कोि ा ा कर रही है और इसके लिए गर्वमैंट आफ इण्डिया को भी एप्रोच की जा रही है कि हरियाणा की फोर्स भेजकर एस0 बाई0 एल0 कैनाल को जितनी जल्दी हेा सके, किसी न किसी तरह से बनाया जाये। यह सरकार पूरी तरह से इस कैनाल को हरियाणा की लाईफ लाईन समझती है और इसके महत्व को समझती है। इसलिये हमारी सरकार इस बात की पुरजोर कोि ा ा में है कि एस0 बाई0 एल0 कैनाल का पानी जल्दी से जल्दी हरियाणा के सूखे खेतों में पहुंचे और हरियाणा के किसानों को फसलें लहलहायें। यहां की प्यासी भूमि को पानी मिले। सरकार इसको जल्दी से जल्दी बनायें यह उसकी तीब्र इच्छा है।

अध्यक्ष महोदय, एक घटना के बारे में मै यहां पर कहना चाहता हूं। सारे दै ा में सबसे बड़ा गन्ना मिल हरियाणा के अन्दर होने का सौभाग्य हमें प्राप्त है और हिन्दुस्तान के अन्दर

कैपेसिटी यूटलाईजे ान की और रिकवरी की बात क जहां तक ताल्लुक है, इसके लिये भी मै मास्टर हुकम सिंह जो की सरकार को मुबारिक बाद देना चाहता हूं कि उनके नेतृत्व में इतना बड़ा काम हुआ है। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ–साथ मैं वह भी कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के अन्दर गन्ने की सबसे ज्यादा कीमत हरियाणा सरकार ने दी है। वह तब दी जा रही है जबकि हरियाणा के गन्ने की रिकवरी दूसरों के मुकाबले में कम है। यहां के गन्ने की अविकतम रिकवरो 10 फीसदी है जबकि महाराश्ट्र के गन्ने की रिकवरी 18 फीसदी है और पंजाब के गन्ने की रिकवरी 11–12 फीसदी है। लेकिन इसके बावजूद भी कि हरियाणा के अन्दर गन्ने की रिकवरी बहुत कम है और गन्ने का भाव सबसे ज्यादा दिया गया है। इसके लिये भी यह सरकार बधाई की पात्र है। (घंटी) मै अपना बात खत्म हो करने जा रहा हूं।

ला एंड आर्डर के बारे में यहां पर बहुत चर्चा हुई है। यह बात ठीक है के इसमें कुछ कमियां हो सकती है। सरकार के चलाने में कुछ गलतियां भी ही सकती है लेकिन एक बात मैं सदन के अन्दर अव य कहना चाहता हूं कि पंजाब हमारे साथ लगता हुआ प्रदे ा है और वहां पर दे ा के दूसरे भागों के मुकाबले मे सबसे ज्याद टैरोरिस्ट ऐक्टीवीटीज होती है। हरियाणा का बहुत सा हिस्सा पंजाब के साथ लगता है। हरियाणा की पुलिस को और मास्टर हुक्म सिंह की सरकार की मै इस बात की मुबारिकबाद देना चाहता हूं कि एक भी ऐसी अग्रवादी गतिविधी नही है जिसके

अन्तर्गत या तो कलाप्रिट्स को गिरफ्तार न किया गया हो या फिर उनको एनकाउन्टर में न मार गिराया हो। एक भी ऐसा केस नहीं है जिसमें ऐसा न किय गया हो। मै तो यही कहना चाहता हूं कि हमारी हरियाणा की पुलिस ने पंजाब मे जा–जाकर उग्रवादियौं को पकड़ा है। (व्यवधान व भाोर).....

Mr. Speaker: Please wind up.

श्री महा सिंह: अभी खत्म करूंग। एक पेय जल की बात है हरियाणा सरकार की इस बारे में थोड़ी सी कमी रह गई है, जो मै यहां पर बताना चाहूंगा एक डेढ फिक्स कर दी गई थी लेकिन वहां तक काम नही हुआ (विघ्न) मैं सरकार के एक मनसूबे के बारे में भी बताना चाहूंगा कि यह सरकार गांव और भाहर के फर्क को मिटाना चाहती है। जो सुख–सुविधाएं दिल्ली, बम्बाई और कलकता जैसे भाहरो में है, वही सुख सुविधायें हमारी सरकार गांव में भी देना चाहती है और कास्बे की झोपड़ी में भी देना चाहते है। जहां तक पीने के पानी की बात है, सरकार ने प्रोब्लम और नान प्रोब्लम दोनो किस्म के एक–एक गांव मे पीने का पानी महौया करने का संकल्प लिया है। उस संकल्प को जल्दी ही पूरा भी कर दिया जायेगा। जिस तरह से भाहरों के घरों में टूटियां लगी होती है, उसी तरह से गांवो में टूटियां नही लगी होती। अभी तक कोई ऐसी व्यवस्था नही है कि हम ऐसा कर सकते है। महेन्द्र प्रताप सिंह जी चले गये। उनकी पार्टी ने दे ा पर 38 साल तक राज किया है लेकिन उन्होंने गांवो की भोली–भाली जनता को बहका

कर राज किया है। उन्होने तो 35–40 साल तक भोले–भाले गांवो के लोगों में फूट डालकर राज किया है लैकिन उन्होने वहां के लोगों की भलाई के लिये कभी कोई कदम नही उठाया। हमारी इस सरकार ने मास्टर हुकम सिंह जी के नेतृत्व में यह फैसला किया है कि जैसे भाहरों के अन्दर घरों के अन्दर प्राइवेट टूटियां दी जाती है, ठीक उसी प्रकार से हम गांवो के अन्दर भी टूटिया देंगे लेकिन इससे पहले हम हरेक गांव में एक–एक कामन टूटी देंगी।

Mr. Speaker: Please wind up now.

श्री महा सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै आपका आदे ा मानते हुए ज्यादा समय नही लूंगा। यह बजट जो गांव का हितैशी है, किसान का हितैशी है उसका पुरजोर समर्थन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि इस सरकार ने जो बजट पे ा किया है वह हरियाणा के लिए समृद्धि बनकर आएगा और इससे लोगों की बहुत भलाई होगी।

अध्यक्ष द्वारा रूलिंग

अधिकारी दीर्घा में सी0 आई0 डी0 अधिकारी के बैठने सबंधी श्री हीरानन्द आर्य के प्वायंट आफ आर्डर पर

Mr. Speaker: Hon, Members, I have to give a Ruling. On Friday Shri Hira Nand Arya raised a point of order as to whether any officer of C.I.D. can sit in House (Officer's gallery) or not?

श्री सूरज भामः स्पीकर साहब, आन ए प्वाएंट आफ आर्डर। बड़ी बदाकिस्मती है कि आपका जो फैसला है वह अखबारों में भाायद छापा जा चुका है जोकि आप द्वारा रूलिंग देने से पहले छपना नहीं चाहिए था। This is a very serious matter.

गृह मंत्री (प्रो0 सम्पत सिंह): आपने छपवा दिया होगा।

श्री अध्यक्षः क्या छप गया है?

श्री सुरज भातः सही कि वह बैठ सकता है। यह अखबारों में पहले कैसे छप गया? It is a very serious matter.

Hon. Membera, as this august House is quite a ware of this foct that officers Gffcrs Gallory is meant for the officers of the Government. The reasons for providing them some seating arrangement in the officers Gallory is obviously clear that their presence is required in connection with the business befor the House and they accordingly assist there departments so that the Ministers may bring the full facts before the House while answering the questions Ordinarily it has been observed that no offcer remains present in the Offcers Gallery for longer than the business of that department. This has been the practice and converntion that Heads of Deprtment/ Organisations are given seat in the Officers Gallery. In the absence of senior most officer, officer next to him remains present in the Officers Gallery for the convenience of the Minister other than official duties no fficer is allowed to sit in the officers Gallery. No official of the C.I.D. is permitted to sit in the Officers General of except these norms. In the absence of the Director General of Police some

other officers may be permitted to sit in the Offcers Gallery only for the purpose of obtaining some immediate infor mation for concerned Minister relating to the business befor the House and not otherwise.

डा0 रघुबीर सिंहः स्पीकर साहब, आपने जो सी0 आई0 डी0 के बारे में रूलिंग दी है उसके बारे में गृह मंत्री ने कहा कि वह अपोजि ान वालो के छपवा दी होगी। मैं यह कहना चाहता हूं–

श्री अध्यक्षः रूलिंग पर कोई डिस्क ान नही हो सकती। Please take your seat. (ाोर एवं व्यवधान)। Kadian Sahib please do not interrupt like this.

डा0 रघुबीर सिंहः स्पीकर साहब, मेरी बात तो सुन लीजिए।

Mr. Speaker: Doctor Kadian, I have given my ruling and you may interpret it the way you like. There can be no discussion on it.

श्री हीरा नन्द आर्यः स्पीकर साहब, हम उस बात को बड़ा सीरियस मानते है और सीरियसनैस के कारण ही हम आपके नोटिस में लाए थें। इंटरप्रिट ान तो आपने ही करनी है।

श्री अध्यक्षः ठीक है, आप बेठै। अब सरदार सरदूल सिंह बजट पर बोलेंगे।

वर्श 1991–92 के बजट पर सामान्य चर्चा (पुररारम्भ)

श्री सरदूल सिंह (सफीदो): स्पीकर साहब, मै इस बजट की किसानो, मजदूरो और ग्रमीणों की भलाई का बजट समझकर वित्त मंत्री अपने बहुत ही हमदर्द प्यारे मुख्य मंत्री जी को बधाई देता हूं। स्पीकर साहब, मै मिसाल दूंगा कि किन कारणों से यह बजट ग्रामीणों के लिए है। मै सब से पहले बिजली का जिक्र करता हूं। जब से यह सरकार आई है किसानों को बहुत तसल्ली है और खु ाी है कि बिजली के क्षेत्र मै इस सरकार ने बहुत ही अच्छा काम किया है और बिजली ठीक मिलने के कारण जो उनकी ईकम है वह बहुत अच्छे ढंग से रोज व रोज बढ़ती जा रही है। बिजली को छोटी लाईन बिछाने की सरकार की स्कीम है जिसके लिये 25 हार्स पावर के ट्रांसफार्मर्ज लगाये जाएंगे। यह एक सरकार का बहुत ही अच्छा निर्णय है। बिजली की लम्बी लाईन होने के कारण किसानों की परे ाानी होती थी क्योंकि जब वह लाईन खराब हो जाती थी तो 18–18, 20–20 ट्यूबवैल्ज जोकि उस एक लाईन पर हो चलते थे, वे सारे के सारे एकदम इक्ट्ठे की बन्द हो जाते थे लेकिन अब सरकार ने जो छोटी लाईनें बिछाने की स्कीम्ज बनायी है इनसे किसानों को बहुत सुख मिलेगा। इसके लिये मै सरकार को धन्यवाद देता हूं। लेकिन दूसरी तरफ सरकार के इतने अच्छे कामों की तारीफ करने की बजाये ये भाई भाोर मचा रहे है कि गरीबों की भलाई के लिये, किसानों को भलाई क लिये सरकार कुछ नहीं कर रही है। गरीबों के साथ अच्छा बर्ताव नही हो रहा है। मै अपनी सरकार को इसलिये भी बधाई देता हूं कि किसी की मांग किये बगैर, किसी

के भाोर मचाने के बगैर ही सरकार ने गरीबों के लिये सस्ते अनाज का प्रबन्ध किया है और ओर सारे गांवों मे लगभग दुकानें खोल दी है। हमारे प्यारे मुख्यमत्री चौधरी हुक्म सिंह जी ने खासतौर पर अधिकारियों को यह आदे ा दे रखे है कि किसी भी गांव में अनाज की कमी नही होनी चाहिये। कोई आदमी भूखा नहीं मरना चाहिए। (तालियां) लेकिन हमारे अपोजी ान के भाई कहते हैं कि यह सरकार गरीबों क साथ धोखा धड़ी कर रही है। उनका यह कहना तो केवल एक ढलोसला है। उनकी ये बातें गल्त है। मेरे आपने हल्के के लोग मेरे पास आते है और कहते है कि सरकार ने किसानों के भले के लिये इस तरह के बहुत से काम किये है। हमारे गांव में अब अनाज की कोई कमी नही है। गरीब लोग पूरी तरह से खु ाहाल है।

स्पीकर साहब, हरियाणा के अन्दर कानून और व्यवस्था की हालत बहुत बेहतर है। ये मेरे अपोजी ान के भाई भूलते है कि जब ऐमरजैन्सी के अन्दर लोगों को जेलों के अन्दर ठोंसा गया था, उस वक्त उनकी क्या हालत थी। मुझे भी जेल के अन्दर ठोंसा गया था लेकिन मैं इनसे पूछता हूं कि मेरा कसूर क्या था? हम यह कहते थे कि आप हमारे गरीब जमीदारों की सुना लो लेकिन इनकी सरकार ने कोई परवाह नही ी और लोगों को खुब सताया और यातनाएं दी। क्या यही कानून व्यवस्था थी इनके राज में जो ये लोग आज इस सरकार की कानून व्यवस्था को कोस रहे है? आज ला एण्ड आर्डर की स्थिति बहुत अच्छी है। मैं सच्चाई के

साथ कहता है कि ऐमरजैन्सी के दिनों में जब हम जेल में थे तो जिन लोगों के पास सर कार का बहुत थोड़ा थोड़ा कर्जा था, उन लोगों को इस सरकार ने कोहलुओं से बांधा था और उन लोगों का बहुत दुख दिये थें। उन लोगों के तन पर कपड़ा नहीं था। उनको द ाा को जब हम देखते थे तो हमें बड़ा ही दुख आता था, बड़ा ही क्ले ा आता था। आखिर जनता ने ऐसी सरकार को थोड़ी देर में ही ढा मारा। इस तरह के काले करनामें इनकी सरकार ने किये थे। गरीब लोगों पर बड़ा अत्याचार ढाया था।

स्पीकर साहब, इसी तरह से मै सरकार की ि ाक्षा की पालिसी को भी बड़ा ही सराहता हूं कि इस क्षेत्र में सरकार ने स्कूलों को अप–ग्रेड करके बड़ा ही सराहनीय काम किया है। मेरे हल्के के में सरकार ने 4 लड़कियों के स्कूलों को अपग्रेड करके लड़कियों का मान सम्मान बढ़ाया है। इसके लिये मै सरकार को धन्यवाद देता हूं।

स्पीकर साहब, यह हरियाणा सरकार किसानों की मजदूरों की सरकार है। इन लोगों की सुख सुविधा के लिये वह सरकार बहुत कुछ कर रही है। एस0 वाई0 एल0 नहर जो पिछले कांग्रेस सरकार के समय में खाली दिखाई देती थी, इस सरकार से मुझे यकीन है कि वह इस नहर को लोगों को पानी से भरी हुई देगी। अगर इन भाईयों को अपने पिछले काले–कारनामें याद आ जाएं तो वे भाई बे ाक उसमें कूद पड़े तो अच्छी बात होगी। इन्होने अपने राज भाासन में किसान और मजदूरों को हमे ाा

तड़पा तड़पा कर मारा लेकिन मै इस सरकार को बधाई देता हूं कि इसने इनक भलाई के बहुत अच्छे काम किये है। ये लोग बावेला मचाते है, मालूम नही इनको क्या हो गया, अच्छे भले साथी थे। पिछले सै ान के समय एक फिरके के लोग कभी दिन के 12 बजे भी सफर करने या भाहर में जाने के लिये अपने आप को खतरे में डालने की बात सोचा करते थे लेकिन आज वही फिरका बड़ी खु ाी से आधी रात को भी भाहर में घूम आता है। तो इस प्रकार का अमन हमारे प्रदे ा में है। कोई भाई बताए कि किसी उग्रवादी को पकड़ने के लिए हरियाणा पुलिस ने किसी एक पर भी झूठा मुकद्मा चलाया हो। ये कहते है कि पुलिस कुछ नही करती। जो लोग ऐसी बातें कहते है वे पुलिस से अपनी मन मर्जी करवाना चाहते है वरना पुलिस ठीक ढंग से काम कर रही है। हमारे एस0 पी0 जीन्द का यहां पर बार बार जिक्र आता है। वे वहां लगे हुए है मुझे फख है कि हमारे जिला जीन्द में किसी के साथ कोई ज्यादती नहीं होती। वहां पर कोई बेईमारी नही हो रही। सब काम ठीक ढंग से चल रहा है। स्पीकर साहब, मै इस सरकार का हिमायती हूं। मैं एक निर्दलीय सदस्य हूं और जी यह सरकार नीतियां अपना रही है वही मेरी नीतियां हैं। इसलिए मैं सरकार की हिमायत करता हूं। मै फिर इस सरकार को यकीन दिलाता हूं कि अच्छे काम करते चलो मै तुम्हारे साथ हूं। जय हिन्द।

श्री अनिल कुमार विज (अम्बाला छावनी): अध्यक्ष महोदय, सदन में जो वर्श 1991–92 का बजट प्रस्तुत किया गया है, उस पर मै चर्चा करने के लिए खड़ा हुआ है। बजट दि ाा मूलक होना चाहिए, दि ााहीन नही होना चाहिए। बजट से किसी भी सरकार की नीतियां प्रतिबिम्बित होती है। उससे पता चलता है कि सरकार अपने प्रदे ा की जनता को किस और ले जाना चाहती है। सरकार को नीतियां नया है और वह प्रदे ा की जनता को किस और ले जाना चाहती है, इसलिए बजट पर चर्चा करते समय इस पर विचार करना आव यक है। राज्यपाल महोदय के अभिभाशण में कहा गया कि यह सरकार चौधरी देवी लाल की नीतियों पर और उन द्वारा द ार्ाए गए रास्ते पर चलने पर संकल्पबद्ध है। मै कहना चाहता हूं कि नीतियां वह होती है जो व्यवस्था में परिवर्तन लाने में सक्षम हो। चौधरी देवी लाल की नीतियां 1987 से पहले क्या थी और उसके बाद क्या है इनका तुलनात्मक अध्ययन करके देखें। उनकी नीतियां व्यवस्था में परिवर्तन लाने में बिल्कुल नाकामयाब नही रही है। अगर आप उन दोनों समयों को तुलनात्मक दृश्टि से देखें तो उसी प्रकार से भाई भतीजावाद उसी प्रकार से भ्रश्टाचार, उसी प्रकार से अफसर ााही, उसी बातें उसी प्रकार से बढ़ती जा रही है किसी ने कहा भी है:–

कौन कहता है कि कुछ बदला है,

वही सारंगी वही तबला है,

पहले बाप बजाता था, अब बेटे से बजवाया जा रहा है,

कठपुतलियों का नाच नचाया जा रहा है,

इनकी भी सरकार आ ाासनों पर चल रही है,

भ्रश्टाचार, बेरोजगारी, किराया भाड़ा मंहगाई दिन रात बढ़ रही है। अध्यक्ष महोदय, हो सकता है यह सरकार इस तरह की चीजों के बढ़ने को प्रदे ा की तरक्की का प्रतीक मानता हो परन्तु इन कारणों से आम आदमी को जिन्दगी आज बिल्कुल बदतर हो गई है। हर हरियाणावासी के हर दिल से यह आवाज निकल रही है कि हमारे ही तरा ो हुए बुत आज बुतखाने में खुदा बने बैठे है। ओ बुतो भााबास तरक्की इसी को कहते है। जब तक तरा ाा न था गली गली में ठोकर खाने वाले पत्थर थे अब तराहा है तो खुदा बन बैठे है। अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं हरियाणा के कर्मचारियों की दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में कहना चाहूंगा। हरियाणा प्रदे ा के कर्मचारी को दो जाने वाली सुविधाओं के बारे में कहना चाहूंगा। हरियाणा प्रदे ा के कर्मचारी काफी लम्बे समय से अपनी मांगो के बारे में सघर्श कर रहे है। उस दिन इस सरकार के एक काबिल मंत्री ने हरियाणा प्रदे ा के कर्मचारियों की मांगों के बारे मैं यह बताया कि इस सरकार ने हरियाणा प्रदे ा के कर्मचारियों के लिय क्या किया है। अध्यक्ष महोदय, कर्मचारियों की सबसे मांग यह थी कि उन्हे समयबद्ध तरक्की दी जाए। जो पिछला बजट सै ान था उसमें भी

कर्मचारियों को यह आ वासन दिया गया था कि उन्हें समयबद्ध तरक्की दी जाएगी। पिछले महीने की 21 तारीख को भी इस सरकार ने कुछ मांगे मानी है लेकिन एक कंडी ान लगा दी कि जो समैवबद्ध तरक्की है वह 1–1–86 से मानी जाएगी और वह 1–1–91 से लागू होगी। अध्यक्ष महोदय, परमो ांज के अधिक ऐकेन्यूज न होने के कारण जो कर्मचारी अपने एक ही पदे पर काफी समय तक बैइे रहते है। उनको वह प्रोत्साहन देना का लेकिन इस सरकार ने जो कडीशन लगाई उसमे तो उनकी भरणीपरात भी कोई बैनिफिट नही मिलेगा। तदर्य कर्मचारियों को पक्का करने के बारे मैं यह कडी ान लगा दी की जो तदर्थ कर्मचारी 10–15 साल से नौकरी कर रहे है उनकी सीनिवोरिटा 31–12–1990 से मानी जाएगी। उनको उनकी 10–15 साल से नौकरी का कोई बैनिफिट नही मिलेगी। मै कहूंगा कि सरकार कि सरकार इस कंडि ायन को विदड्रा करे ताकि उन गरीब कर्मचारियों कोई परे ाानी न हो। कर्मचारी सरकार के वफादार नागरिक होते है। कोई भी सरकार अपना काम चलाने के लिये जी योजनाए होती है वे योजनाएँ उन्ही के माध्यम से बनाती है और उन्ही के माध्यम से उन योजनाओं की लागू करती है। और उन्ही के माध्यम से उन योजनाओं की लागू करती है। लेकिन जिस प्रकार से 7 मार्च को हरियाणा प्रदे ा के कर्मचारियों के साथ एक जवन्य अपराध किया गवा और चण्डीगढ़ पुलिस ने उनके हाथ पैर तोड़ दिए वह निदनीय है। कर्मचारी किसी भी सरकार के हाथ पैर होते है और जिस सरकार के हाथ हाथ पैर तोड़ दिए जाएं उस

सरकार की दयनीय स्थिति को देख कर उस सरकार को श्रद्धांजलि भेंट करने की जी चाहता है। यदि कर्मचारियों के हाथ पैर काम नहीं करेंगे तो सरकार की योजनाए कैसे लागू होंगी। अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से इस सरकार से कहूंगा कि हरियाणा प्रदे ा के कर्मचारियों की जो उचित मांगे हैं उनको स्वीकार किया जाए। इसी तरह से एक बात मै यह कहना चाहूंगा कि हरियाणा प्रदे ा की नगरपालिकाओं के जो कर्मचारी है उनको पंजाब प्रदे ा की नगरपालिकाओं के कर्मचारियों की तरह पै ान देने की तरफ सरकार ध्यान दे और उनकी बात को स्वीकार करें ताकि उनको कोई तकलीफ न हो। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, मै एक बात यह कहना चाहूंगा कि कर्मचारियों की ए0 सी0 आर0 लिखने की जो पद्धति है उसकी खत्म किया जाना चाहिए। दूसरे प्रदे ाों को सरकारों ने यह ए0 सी0 आर0 लिखने की पद्धति खत्म कर रखी है। जो अधिकारणीगण है ने यह ए0 सी0 आर0 लिखने की पद्धति खत्म कर रखी है। जी अधिकारीगण है वह कर्मचारियों को ए0 सी0 आर0 लिखने की पद्धति है इसको समाप्त किया जाए। इसके अलावा, मै यह कहना चाहूंगा कि जैसे पुलिस कर्मचारियों की बसों में सफर करने की सुविधाए दी हुई है, जैसे रेलवे में रेलवे के कर्मचारियों को सफर करने की सुविधाए मिली हुई है उसी तरह से सरकार अपने कर्मचारियों को बसों में सफर करने की सुविधाएं दे।

अध्यक्ष महोदय राज्यपाल के अभिभाशण में भी सरकारी कर्मचारियों के लिए पंचकूला में 200 मकान बनाने की बात कही गई है। इस समय सरकारी कर्मचारियों की जो मकान किराया भत्ता मिलता है वह बहुत कम है। इसे और बढ़ाया जाना चाहिए। हमारे यहां चण्डीगढ़ और पंचकूला में कई हजारों की संख्या में सरकारी कर्मचारी काम कर रहे है जबकि सरकार सिर्फ 200 मकान बनाने की बात कर रही है। इतने थोड़े मकान बनाना सरकारी कर्मचारियों की सख्या की देखने हुए बहुत कम है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि चण्डीगढ़ और पंचकूला मैं काम करने वाले कर्मचारियों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए जो नए मकान बनाए जा रहे है ये अधिक से अधिक बनाए जाएं और साथ साथ मकान किराया भत्ता भी बढ़ाया जाए। इस बारे में मेरा सरकार से यह भी अनुरोध है कि सरकार ने कर्मचारियों को जो हाउस रैन्ट देने के परपज से मकान किराये भत्ते को जो जुरिस्डिफ ान 8 किलोमीटर की फिक्स को हुई है उसका बढ़ाया जाये और इस कम से कम 60–65 किलोमीटर किया जाये ताकि लोंग चण्डीगढ़ और पंचकूला से बाहर आराम से रह सके क्योंकि चण्डीगढ़ और पंचकूला मैं कर्मचारियों का रहने के लिए मकान नही मिलते। अगर सरकार इस 8 किलोमीटर की जुरिस्डिक ान को बढ़ा देती है तो सरकारी कर्मचारियां की आवास को समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

स्पीकर साहब, इसी प्रकार से अब मै आगनबाड़ी वर्करों के बारे में भी जिक्र करना चाहूंगा। इन वर्करों के वेतनमान आज की मंहगाई के समय में इनके काम के समय को देखते हुए बहुत ही कम है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए इनकी पे बढ़ाई जाए। कर्मचारियों की मांगों के बारे में मेरा सरकार से अनुरोध है कि जो भी उनकी उचित मांगे है। उनकी जरूर माना जाये।

स्पीकर साहब, अब मै सरकार का ध्यान ि ाक्षा तथा खेल कूद विभाग की तरफ दिलाना चाहता हूं। सरकार ने चालू साल में कई स्कूल अपग्रेड किए है और अगले साल भी कई स्कूल अपग्रेड किए जाने प्रस्तावित है यह अच्छी बात है। इसी प्रकार से चालू साल में भी कुछ नए स्कूल खोले गए है और अगले साल भी कुछ नए स्कूल खोले जाएगे। इसी प्रकार से सरकार ने एक कालेज इस साल खोला है और एक कालेज अगले साल खोलने की बात कही है। स्पीकर साहब, इसी संदर्भ में बोलते हुए मै सरकार का जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि ि ाक्षा के क्षेत्र में प्राईवेट ि ाक्षा संस्थाओं का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है और उनके इस योगदान की नकारा नही जा सकता। हमारे यहां पर 400 स्कूल ऐसे है जहां पर एक एक हो टीचर लगा हुआ है। इसी के साथ मै यह भी कहना चाहता हूं कि हरियाणा में 5200 के करीब प्राईवेट ि ाक्षण संस्थाए काम कर रही है जिनमें लगभग 2 लाख 75 हजार विद्यार्थी ि ाक्षा प्राप्त कर रहे है। मै सरकार के

ध्यान में लाना चाहूंगा कि इनमें पढ़ाने वाले काफी टीचरों को 10 महीने से एक नया पैसा भी वेतन का नही मिल रहा है। इसलिए सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। आखिर स्कूल ि ाक्षा के मन्दिर है और इन मन्दिरों के चलाने वाले ि ाक्षकों की तरफ वि ोश ध्यान देना चाहिये। स्पीकर साहब, ऐसे भी कई स्कूल है जहां पर पिछले 21 महीने से उनमें काम करने वाले अध्यापकों को वेतन का एक पैसा भी नही मिला है। इसलिए सरकार को इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए और ए0 एम0 साहब को चालू सदन में ही कोई स्पश्ट घोशणा इनके बारे में करनी चाहिए ताकि उब्रकी ठीक समय पर वेतन मिल सके। इस बारे में मेरा सरकार को एक सुझाव है कि जिस प्रकार से प्राईवेट कालेज के ि ाक्षकों की वतन दिया जा रहा है उसी तरह से इन स्कूलों में काम करने वाले अध्यापकों को भी वेतन दिए जाने की व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए ताकि उनको समय पर बेजिज मिल सके। इसी के साथ–साथ मैं सरकार का ध्यान इस तरफ भी दिलाना चाहूंगा कि आज प्रदे ा में प्राईवेट नर्सरी स्कूलों की सख्या, प्राईवेट स्कूलों की संख्या और कोचिंग सेन्टरों की संख्या बहुत अधिक मात्रा में कमि ायल भााप्स के तौर पर बढ़ती जा रही है। इस बारे में सरकार को अपना दृश्टिकोण स्पश्ट करना चाहिए क्योंकि इन स्कूलों में बच्चों से बहुत अधिक फीस ली जा रही है। इन स्कूलों में जो सलेबल पढ़ाया जाता है उस तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए और उनकी पे क्या होनी चाहिए उस तरफ भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि इन स्कूलों में पढ़ाने वाले अध्यापको का बहुत

कम वेतन मिलता है। इसलिए मै चाहूंगा कि सरकार को इस बारे में गंभीरता से विंचार करना चाहिए ताकि इन स्कूलों में जो बच्चों का ऐक्सप्लायटे ान हो रहा है उसको दूर किया जा सके।

स्पीकर साहब, साल के भाुरू में ही जो टीचरों की ट्रांस्फर का चक्कर चलता है इस तरफ भी सरकार की गंभीरता से ध्यान देना चाहियें। सरकार का सारा ध्यान ट्रांसफरों की तरफ ही लगा रहता है जिसकी वजह से स्कूलों में पढाई का काम ठीक प्रकार से नहीं हो पाता। इसलिए मेरा सरकार को सुझाव है कि टीचरों की ट्रांसफर के लिए एक परमानेंट ट्रांसफर पालिसी बनानी चाहिए जिसके तहत ही ट्रांसफर हो। इसी पालिसी के तहत ही ट्रासफर चाहने वालों की ऐप्लीके ांज आने पर ही उनकी बदली हो ताकि सरकार को रह साल बेवजह जो बदलियों की वजह से परे ाानी होती है, दूर हो सके। ि ाक्षा के बारे में मै एक बात खुले रूप से यह भी कहना चाहूंगा कि पिछले दिनों मण्डल आयोग रिपोर्ट लागू होने से कुछ घटनाएं हुई और उन घटनाओं में बहुत से बच्चे गुमराह भी हुए है? इस बारे में मेरे बोलने से पहले भी चूंकि बहुत कुछ कहा जा चुका है इसलिए इस पर मै ज्यादा नही कहना चाहूंगा। इस बारे में मै सी0 एम0 साहब से केवल एक बात कहना चाहूंगा कि जिनके खिलाफ झूठे केस दर्ज हुए हैं वे विदडा होने चाहिए। स्पीकर साहब, मै इस बात को मानता हूं कि जिन असामाजिक तत्वों ने आरक्षण विरोधी आन्दोलन में सम्पत्ति का नुक्सान पहुंचाया है उनके साथ किसी भी प्रकार की नमी नही

होनी चाहिए और उनके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए लेकिन जिन लोगों तथा बच्चों के ऐग्जामज नजदीक आ रहे है उनके मन में केस विदडा कर लिये जाने चाहिएं। बच्चों ऐग्जामज नजदीक आ रहे हैं उनके मन में केसों के कारण बहुत भय बैठा हुआ है और मानसिंक रूप से परे ाान है। मैं आदरणीय मुख्य मंत्री जी से यह निवेदन कंरूगा कि वे इस बारे में कोई न कोई कार्यवाही जरूर करें ताकि छात्रो में किसी प्रकार का असन्तोश और निरा ाा न आए (विघ्न)। अध्यक्ष महोदय, एक परिवार–एक रोजगार का बड़े जोर भाोर से प्रचार किया जा रहा है कुछ बेरोजगार प्रैजुऐट्स को बेरोजगारी भत्ता भी दिया जा रहा है। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, जहां तक लोगों को रोजगार देने और बेरोजगारी भत्ता देने का सम्बन्ध है, मैं इस बारे में कुछ कहना चाहता हूं। अध्यक्ष महोदय, इसमें कोई भाक नही कि 25–30 हजार लोगों को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। मै इस बारे में माननीय मुख्यामंत्री जी का ध्यान वि ोश रूप से दिलाना चाहूंगा और उम्मीद करूंगा कि वे इस और जरूर ध्यान देने की कृपा करे। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः आप प्रोसीड करिये।

श्री अनिल कुमार विजः बेरोजगारी भत्ता लेने के लिये पांच कण्डी ान्ज है। ऐम्प्लायमैंट एक्सचैज में 2 साल से ज्यादा समय से नाम दर्ज होना चाहिये, मैट्रिक हरियाणा प्रदे ा से पास की होनी चाहिये, ऐज 18 साल से 35 साल होनी चाहिए विद्यार्थी

नही होना चाहिये और फैमिली की इन्कम 10,000 रूपये साल से ज्यादा नही होनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, जिस परिवार की आमदनी 833.33 रूपये प्रतिमाह है उसका कोई बच्चा तो वैसे ही ग्रेजुऐ ान नही कर पाएगा या नहीं यह सोचने की बात है। मान लीजिए तक परिवार जिसकी आमदमी 833.33 रूपये है बड़ी मु कल से अपने बच्चे को मैट्रिक करवा भी लेता है, ऐम्प्लायमैंट ऐक्सचेंज में नाम दर्ज करवा लेता है और 2 साल बाद बेरोजगारी भत्ते का हकदार भी हो गया। उसको 50 रूपये महीना बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिये यह कण्डी ान है कि स्टुडैन्ट नही होना चाहिए। इस योजना के तहत उस बालक को बेरोजगारी भत्ता तो मिल जाएगा लेकिन उस कोई नौकरी नहीं मिलेगी। स्पीकर साहब, मुझे तो ऐसा लगता है। कि सरकार इस मागते में ज्यादा गम्भीर नही है केवल यह एक नारा है और हरियाणा के बेरोजगार नवयुवकों के लिए एक मजाक है।

श्री अध्यक्षः अब आप वाईड अप करिये।

श्री अनिल कुमार विजः अध्यक्ष महोदय, मै अब नागरिक आपूर्ति के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। पिछले दिनों यह कहा गया कि हमारे पास काफी गेहूं का भण्डार है और जिसकी जितनी मांग होगी गेहूं दिया जाएगा। अध्यक्ष महोदय, इस मामले में मेरे हल्के के साथ भेदभाव किया जा रहा है। एक डिपो पर केवल 25 बोरी गेहूं दिया गया है। मान लो अगर एक कार्ड पर 5 यूनिट्स है और एक डिपो पर 200 रा ान कार्ड है तो केवल 25 बोरी गेहूं

एक डिपो पर दिया जाना कहा तक न्यायोचित है। दूसरी बात मै कन्जयूम्र्ज प्रोटैक ान फोर्म के बारे में कहना चाहता हूं। हरियाणा सरकार द्वारा चलाई गई यह स्कीम बहुत ही अच्छे है और मैं इस बारे में सुझाव देना चाहूंगा। यह फोर्म लोगों के ग्रीबैन्सिज को रिजरैस करने के लिए बनाई गई है लेकिन इन के बारे में लोगों का पता नही है। मै सुझाव दूंगा कि इनका ज्यादा से ज्यादा प्रचार होना चाहिए ताकि लोग इसका फायदा उठा सके। रेडियों के द्वारा, पम्फलैट छपता कर अथवा अखबारों के जरिये इसका पूरा प्रचार होना चाहिए ताकि लोगों आम आदमी इनके बारे में जान सके।

अध्यक्ष महोदय, बिजली की बात भी इसमें कही गयी है कि एक लाख 55 हजार में ज्यादा कनैक ान दिये जा रहे है। बिजली मंत्री महोदय मेरे सामने बैठे है। मैं इनसे यह कहना चाहूंगा कि जो भी मेरे इलाके मै कनैक ान दिये हुए है, वह लकड़ी की बल्लियों पर से दिये गये है। उनको तारें लकड़ी की बल्लियों पर से जा रही है जिसकी वजह से जब बरसात होती है तो दुर्घटनाएं होने का ज्यादा अन्दे ाा बना रहता है। उसके लिये भी कुछ न कुछ प्रोवीजन होना चाहिये। मै यह चाहूंगा कि कनैक ान तो दे लेकिन वह जो लकड़ी की बल्लियों के ऊपर से तारे डालकर कनैक ान दिये जा रहे है, उनकी बजाये कोई आल्टरनोटिव प्रबन्ध किया जाये क्योंकि बरसात के दिनों में जब बल्लियां गीली हो जाती है ते उनमें करन्ट लगने का डर बना रहता है। इसका कोई न केाई सुधार किया जाये। (ाोर)

Mr. Speaker: Let him proeced please.

श्री अनिल कुमार विजः स्पीकर साहब, मै थोड़ा जन स्वास्थ्य के बारे में भी कहना चाहूंगा।

(खाद्य एवं आपूति मंत्री, श्री नर सिंह ढांडा द्वारा विघ्न)

Mr. Speaker: Dhanda Ji, what are you doing? Don't you want that House should proceed smoothly? Moreover, he is not irrelevant. Let him proceed.

श्री अनिल कुमार विजः स्पीकर साहब, अब मैं जन स्वास्थ्य के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। पिछले बजट में कहा गया था कि 211 समस्याग्रस्त गांवो में और 709 गैर समस्याग्रस्त गांवो में 31 दिसम्बर, 1990 तक पीने के पानी की या नलकों की व्यवस्था कर दी जायेगी। लेकिन इस बजट में यह कह दिया गया ह। कि 380 समस्याग्रस्त गावों कम पानी पहुंचा दिया जायेगा। यह केवल खोखला नारा ही नही दिया जाना चाहिये बल्कि उस पर काम भी करना चाहिये। इसके बाद ट्रासपोर्ट के बारे मे इसमे यह कहा गया है कि इस वर्श के लिए बजट के केवल 25.07 करोड रूपया रखा गया है। (घंटी) स्पीकर साहब, अय मैं अपने हल्के की दो–बार मांगे और रखकर अपना स्थान ले लूंगा। स्पीकर साहब, मेरे नगर का बस स्टैड कई सालों से बनाने के लिए पड़ा हुआ है। उसके लिये जगह भी एक्वायर कर ली गयी थी वहां पर जो पानी के टैंक की डिग्री थी, उस जगह को समलत कर दिया गया है लेकिन अभी तक भी निर्माण कार्य नही हो रहा है। बाकी जगहों

पर भी बस स्टैड तो बनाये जाये लेकिन मेराह कहना है मेरे यहां पर भी बस स्टैड जल्दी बनाया जाये। मै यह कहना चाहूंगा कि सरकार को इस और हमारे हल्के की और भी थोड़ी सी कृपा दृश्टि करनी चाहिये। जी0 टी0 रोड़ होने की बजह से वहां पर यातायात का बहुत ज्यादा र ा रहता है। कई बार तो वहां पर यातायात अवरूद्ध भी हो जाता है इसलिये मेरा कहना यह है कि उस बस स्टैड पर काम जल्दी से जल्दी कराने के लिए मुख्य मंत्री महोदय आदे ा है।

इसके साथ ही मै अपने सिविल हस्पताल के बारे में भी कहना चाहता हूं। असल में उस अस्पताल की स्ट्रैन्थ तो 100 वेड़ज की है लेकिन उसमें 65 से ज्यादा बैड्ज लग ही नही सकते है।

Mr. Speaker: Anil Ji you please wind up now.

श्री अनिल कुमार विजः स्पीकर साहब, मै सिर्फ दो–तीन मिनट ही लूंग और खत्म कर दूंगा तो मै सिविल हस्पताल के बारे में सरकार का ध्यान दिलांऊगा कि वहां पर सैक ान्ड सट्रैन्थ के मुताबिक जो ीाी आव यक सामान है, वह मुहैया करवाया जाये। इसके अलावा एक बात वहां पर जुडी ीयल काम्पलैक्स से सम्बन्धित कहना चाहता हूं। वहां पर कम से कम सौ वर्श ने कचहरियां चल रही थी अब उनको वहां से ि ाफ्ट कर दिया गया है। अब छोटे से छोटे मुकदमे के निपटाए जाने के सम्बन्ध में आम आदमी की बड़ी मु ि कल हो रही है। सारी अदालतों को अम्बाला

भाहर में ि ाफ्ट कर दिया गया है। इस वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनको छोटे–छोटे से चालान आदि के लिये भी अम्बाला भाहर में जाना पड़ता है। जुडी ीयल काम्पलैक्स की एक ब्रांच वहां पर होनी चाहिये। इसके अलावा वह पर एक महें ा नगर का नाला है। वहां से नागल कांस्टीच्यूएन्सी को सारा वरसात का पानी जाता है। जिन के कारण सारे के सारे के इलाके में बहुत मु ि कल होती है। लोगों ने वहां पर अपने घर बार बनाये हुए है। कई बार पहले भी इस विशय को उठाया लोगों ने वहां पर अपने घर बार बनाये हुए है। कई बार पहले मु ि कल होती है। लोगों ने वहां पर अपने घर बार बनाये हुए है। कई बार पहले भी इस विशय को उठाया गया है लेकिन उस किसी कभी गम्भीरता से ध्यान नही दिया गया। मेरा कहना गया है लेकिन उस पर भी गम्भीरता से लेना चाहिए और इस का कोई न कोई हल करना चाहिये। एक बात मै यह भी कहना चाहता हूं कि जी0 टी0 रोड के पास औवर ब्रिज बना हुआ है उनके पास पी0 एंड टी0 कालोनी, भाास्त्री नगर कालोनी रेलवे कालोनी आदि से जो बाजार में आने जाने के लिये सड़क थी, वह लगभग 25 साल से नही बैनी है और उस सड़क के न बनने के कारण लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। हर महीने कोई न कोई दुर्घटना हो जाती है। मैंने रेवले मन्त्रालय से भी पत्र व्यवहार किया था। रेवले मंत्रायल ने वहां फाटक बनाने के लिऐ अपनी सहमति दी है लेकिन उनका कहना है कि पहला खर्चा स्टेंट गवर्नमैट का वहन करना पड़ेगा।

Mr. Speaker: Now please take your seat. This is not the way.

श्री अनिल कुमार विजः अध्यक्ष महोदय, मै सदन में एक और बात कहना चाहता हूं.....

श्री अध्यक्षः जब आप बैठिए। अत्री जी आप बोले।

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, इनको एक बात कह लेने दीजिए।

Mr. Speaker: Mr. Sharma, you are defending him Rather you should ask him to take his seat.

Shri Ram Bilas Shrama: Sir, I am not defending him Let him compete.

Mr. Speaker: You should have asked him to sit down as I had already asked him to take his seat twice. (Interruptions) You ara encouraging him. Is it the way? I cannot run the House like this.

श्री राम बिलास भार्माः केवल एक मिनट दे दीजिए।

श्री अध्यक्षः ठीक है। मंत्री जी, अभी आप बैठे।

श्री अनिल कुमार विजः स्पीकर साहब, यहां पर अनअथोराइज्ड कालोनीज का भी जिक्र किया गया। मेरे यहां पर भी एक ऐसी कालोनी है जो सौ साल से है। वहां पर कच्चे मकान बने हुए है। उनके बारे में मंत्री महोदय ने आ वासन दिया था कि

उस कालोनी को नियामित कर देगे। स्पीकर साहब, वहां पर एक दूसरी कालोनी भी है जो प्रोपर्टी डीलर्ज प्लाट काटकर लोगों को बेच गए और उनसे पैसा लेकर भाग गए। लोगौं ने वहां पर मकान बना लिए। इन मकानों को बने हुए कई वर्श हो गए हैं लेकिन वहां पर कोई सुविधा नही है। न वहां पर नालियां है और न सड़के है। स्पीकर साहब, इसमें उन लोगों का तो कोई कसूर नही है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इन कालोनियों को जहा पर कच्चे और पक्के मकान बने हुए है रैगूलर किया जाए और वहां पर सड़के और नालियां बनाई जाएं। इसलिए मेरी सरकार से फिर प्रार्थना है कि वहां पर जो आव यक सुविधाएं है वे उनको दी जाएं ताकि उनका जीवन आराम से कट सके। बस इतना कहकर मैं समाप्त करता हूं धन्यवाद।

श्री दुर्गा दत अत्री (राजौद): स्पीकर साहब, अपने मुझे बोलने के लिये समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। स्पीकर साहब, वर्श 1991–92 का जो बजट अनुमार है उस पर चर्चा चल रही है। मै उस चर्चा में भाग लेने के लिए खड़ा हुआ हूं। मै किसी पर छोटाक ी न करके अपने इलाके की समस्यओं को सरकार के समाने रखूंगा। मै अपने साथी जगन नाथ तथा भागीराम से अनुरोध करूंगा कि वे बीच में टीका टिप्पणी न करें। स्पीकर साहब, सब से पहले मैं कृशि के क्षेत्र के ऊपर बात करूंगा। मेरा सारा इलाका देहाती है। लोगों की जीविका का साधन कृशि है। अध्यक्ष महोदय, अलेवा को मण्डी बनाने के बारे में

मैने कई बार सरकार को लिखा कि ध्यान नही दिया गया। आज उसको कई हिस्सों में बांट दिया है। चार छः गांव कैथल में बदल दिए। ग्यारह गांव पीलूखेड़ा में बदल दिए और 28 गांव जीन्द में बदल दिए। अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी, जो यहां पर बैठे हुए है, उनसे अनुरोध करूंगा कि जो गांव दूसरे ब्लौक्स में बदल गए है उनको अलेवा ब्लौक मे हुए है में ही रखा जाना चाहिए। अलेवा ब्लौक बहुत बड़ा ब्लीक है बौर बड़ा होने के कारण अधिकारीयों से सम्पर्क नही हो पाता है। कुछ ओफिसर पानीपत में बैठते है, कुछ सफीदों में बैठते है, कुछ औफिसर कैथल में बैठते है और कुछ जींद में बैठते है। इस ब्लैक में 43 गांव है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि ये औफिसर्ज एक ही जगह पर बैठने चाहिएं ताकि जनता को ज्यादा दिक्कत न हो। स्पीकर साहब, मेरी सरकार से प्रार्थना है कि अलेवा गांव में तत्कालीन मुख्य मंत्री चौधरी देवी लाल गए थे और वहां के लोगों ने 10+2 स्कूल की मांग की थी। वहा पर दो हाई स्कूल हैं लेकिन 10+2 का कोई स्कूल नहीं है। हाई स्कूल से आगे पढ़ाई के लिए लड़कियों की बाहर भेजने में बड़ी दिक्कत होती है इसलिए मेरी प्रर्थाना है कि वहां पर 10+2 का स्कूल दिया जाए ताकि लड़कियां आसानी से आगे पढ़ सके। स्पीकर साहब, वहां पर दस बिस्तरों वाले अस्पताल की भी घोशणा की गई थी लेकिन आज तक उस पर विचार नही किया गया। हम लोग भी वहां से वोट लेकर आए है और लोगों ने हम में वि वास प्रकट किया है।

स्पीकर साहब, इसके अलावा मैं सिचाई की बात इस सदन में रखना चाहूंगा। एस0 वाई0 एल0 नहर को बनाने के बारे में हम जनता को यह आ वासन देकर के आये थे कि इस नहर का पानी जल्दी ही हरियाणा को दिया जाएगा। हमारा झगड़ा भी यही था कि कांग्रेस सरकार को हम बार–बार इसलिये कंडैम करते रहे थे कि यह सरकार एस0 वाई0 एल0 नहर के लिये पूरा पैसा नहीं दे रही है लेकिन मैं अब कहना चाहता हूं कि अब तो केन्द्र व प्रदे ा की सरकार हमारे अपने कब्जा में है। म ीनें भी हमारी है लेकिन इस कार्य के लिये देरी क्यों हो रही है? सरकार को यह सोचना चाहिये कि एस0 वाई0 एल0 नहर का पानी हरियाणा के लिये एक जीवन रेखा है और इस नहर का जितनी जल्दी निर्माण हो जाए, उतना ही हरियाणा के लिये उपयोगी होगा। स्पीकर साहब, हरियाणा एक कृशि प्रधान प्रदे ा है। हरियाणा प्रदे ा का जीवन इसी एस0 वाई0 एल0 नहर पर ही निर्भर करता है। पिछले दिनों इस बात का आ वासन भी दिया गया था कि आने वाली फसल तक इस नहर का पानी आ जाएगा। अगर इस फसल तक नही तो अगली फसल तक भी पानी आ जाए तो भी उचित है। हम इस सरकार की चुनावों तक का भी पानी आ जाए तो भी उचित है। हम इस सरकार को चुनावों तक का भी समय दे रहे है कि तब तक भी आ जाए तो भी बेहतर रहेगा। समर्थन की इस सरकार के पास कोई कमी नही है। हम लोग तो बहुत तादाद में है। हमारा इस मामलें में समर्थन इस सरकार के साथ होगा। हम तो वहा पर इस सरकार का विरोध करेंगे, समर्थन नहीं देगे जहां यह

सरकार लोगों के साथ वि वासघात करेंगा। ऐसी जरूरी मामलो में जहां हरियाणा के हितों का सवाल हो, हम सरकार का पूरा समर्थन करेंगे।

स्पीकर साहब, जब हम इलैक ान जीतकर आये थे तो हमने सब ने जनता को यह आ वासन दिया था कि भ्रश्टाचार समाप्त करेंगे और पानी बिजली का प्रबंध करेंगे लेकिन सरकार अब जनता के साथ किए हुए वायदों से मुकर गयी है। जनता ने तो हमें यहां पर नोटों से, वोटों से तोल कर भेजा था लेकिन सरकार ने लोगों के साथ वि वासघात किया है। पहले हम सब ने मिलकर सरकार बनायी लेकिन लोग अपने स्वार्थी के लिये कभी इधर तो कभी उधर चले गये। इसलिये मेरी सरकार से आपके द्वारा प्रार्थना है कि इस एस0 वाइ0 एल0 नहर को जल्दी से जल्दी बनवाया जाए क्योंकि यह तो हरियाणा के जीवन मरण का सवाल है।

इससे आगे स्पीकर साहब, में ि ाक्षा से संबंधित कुछेक बातें यहां पर रखूगा। मै यह कहना चाहता हूं कि गांवों में पढने वाले तमाम बच्चे को वह अवसर मिले जोकि, भाहरों में कांवेंट व नर्सरी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को मिल रहा है। कुछ इस तरह से स्कूलों की गांवों के अन्दर व्यवस्था की जाए ताकि गांव का पढ़ा हुआ बच्चा भी डी0 सी0 एस0 पी0 के बच्चो से कम्पीटी ान में किसी भी प्रकार से कम न रहे, पीछे न रहे सरकार ने 71 परसैन्ट बजट का पैसा देहातों के ऊपर खर्च करने का आ वासन

इस बजट द्वारा दिया है। यह बहुत अच्छी बात है इसलियें बच्चों के स्तर को ऊपर उठाने के लिये यह आव यक है कि गांवों के अन्दर भी भाहरों जैसे कावेंट व नर्सरी स्कूल चाहे कोई प्राईवेट अदायरा ही क्यों न चलाए लेकिन सरकार उस को अपनी और से वित्तीय सहायता दे या फिर सरकार अपने लैवल इस पर तरह का गांवों के बच्चों की पढ़ाई का बढ़िया प्रंबंध करे ताकि वे बच्चे कल को भाहरों में पढ़ने वाले बच्चों के मुकाबले में हर कम्पेटी ान में उन से आगें रहे। इस तरह का प्रयास सरकार को करना चाहिये तभी गांवों का स्तर ऊंचा उठ सकता है।

अध्यक्ष महोदय, अब में इरीगे ान के मुताल्लिक अपने हल्के से संबंधित कुछ बातें कहूंगा कि तत्कालीन बिजली एवं सिचाई मंत्री चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी मेंरे हल्के में गये थे और वहां वे हमें आ वासन देकर आये थे कि हसनपुर मा ादो माईनर व पेंगा माजरा माईनर की ऐक्सटेन्ड किया जाएगा लेकिन आज तक उनके ऊपर कोई काम चालू नही हुआ है हालांकि 50 लाख रूपये की रा ि ा भी इनके लिये अलौट हो चुकी है। पता नही यह स्कीम अब कहां गयी। चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने 14 अप्रैल 1989 के यह कहा था कि हम इस काम को एक महीने के अन्दर अन्दर भाुरू करवा देंगे। चौधरी साहब उसके बाद काफी समय तक इसी सरकार ने मंत्री के तौर पर भी रहे लेकिन हमें यह पता नही कि इतनी देर मंत्री रहने के बावजूद भी वे इस काम को भाुरू नही करवा सके। इसी तरह से और भी बहुत सी माईनर्ज है जिनकी

ऐक्सटैन्न ान के लिये हमने सरकार को लिखा था और अधिकारियों ने उनकी ऐक्सटैन्न ान के लिये हमने सरकार दी थी लेकिन उन माईनर्ज पर भी आज तक कोई काम नही हुआ। अगर पानी इस इलाके के लोगों को नही मिलेगा तो वे अपने खाने के दाने कहां से पैदा कर पाएंगे। इसलिये मेरी सरकार से पूरजोर अपील है कि इस तरह की ाजे माईनर्ज अधूरी पड़ी हुई है, उनको जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए ताकि लोगों को अपना जीवन निर्वाह करने के लिये पानी की सुविधा हो सके। इसी तरह से 12—14 गांव और है जिनमें भी इन्ही माइनर्ज के न बनने कारण समस्याएं है जैसे गोइया, अलेवा, हसनपुर, कुचराना कलां, कुचराना खुर्द, कि ाना, थूआ, संडोला वर्गरह वर्गरह। अध्यक्ष महोदय, यह किसानों की सरकार है। अगर यह बिल्कुल ईमानदारी से किसानों के लिये काम करना चाहती है तो कर सकती है। आज पैसे की हमारे पास कमी नही है। केन्द्र में जो सरकार है वह हमारे कब्जे में है और हरियाणा सरकार भी हमारे कब्जे में है। अगर सरकार ईमानदारी से काम करे तो हम इसका धन्यवाद करेंगे। जहां तक वन विभाग का संबंध है, इसको पीछे बहुत नुकसान हुआ। जैसे पीछे आरक्षण के नाम पर और रास्ता रोकने के नाम पर अन्दोलन हुए। लोगों के अवैध रूप से पेड़ काट कर रास्ते रोक दिए थे। इससे एक और तो वन विभाग को नुकसान हुआ और दूसरी और लोगों की असुविधा हुई। मेरा निवेदन है कि इस तरह के वाक्यात बार बार न दोहराए जाए। उस समय जो लोग पंजाब से दिल्ली जाना चाहते थे, किसी न एयर पोर्ट पर समय पर पहुंचना था,

रास्ता रोकने की वजह से ऐसे लोगों को बहुत परे ाानी उठानी पड़ी। मै सम्पत सिंह जो से अनुरोध कंरूगा क्योंकि वे बड़े काविल मिनिस्टर है, पुलिस उनके कब्जे में है, इस तरह की बाधा आगे से किसी आदमी को न आए।

अध्यक्ष महोदय, अब मै वाटर सप्लाई के ऊपर अर्ज करना चाहता हूं। कुचराना कलां और कुचराना खुर्द में पानी व्यवस्था नहीं है। कि ाना गांव में जो पानी के पाइप दबाए गए है वे प्लास्टिक के है। ऐसे पाइप जल्दी टूट जाते है जिस वजह से लोगों को पीने के लिए पानी नही मिलता। एक गांव यूथा है जहां पर पहले हो वाटर सप्लाई का टैक बना हुआ है। वहां पर मवे ाी बैठते है लेकिन उसमें पानी नहीं है। मेरा निवेदन है कि भविश्य के लिये इसका ठीक इन्तजाम कर दिया जाए। सामदी में भी वाटर सप्लाई इन्तजाम नही है।

अब मै खाद्यान के ऊपर थोड़ा सा जिक्र कंरूगा। मै सरकार को कंडैम नही कंरूगा लेकिन विचौलिए लोगों ने पिछले दो महीनों में बहुत मुनाफा कमाया। कनफैड के पास सरकार ने गेहूं भेजा था, हमारे पास गेंहू की कोई कमी नही है। लेकिन बिचौलियों की वजह से उपभोक्ताओं तक गेहूं नही पहुंच पाया। जो गेहूं अढ़ाई सौ रूपय क्विटल मिलना चाहिये था उनकी उभोक्ताओं को साढ़े चार सौ और पांच सौ रूपय के हिसाब से कीमत देनी पड़ी। मेरा निवेदन है कि आगे के लिये ऐसी बात पर रोक थाम होनी चाहिये। अध्यक्ष महोदय, अगर आप मुझे थोड़ा

खुला समय दे तो मैं आपका धन्यवाद करूंगा। मेरे हल्के में 12 सड़को पर काम होने वाला ह। समय के अभाव को देखते हुए मैं उनके नाम नही पढूगा बल्कि उनकी लिस्ट मंत्री जी को दे दूगा। मेरा निवेदन है कि उन पर लल्द काम भुरू करवा दें। अब मैं परिवाहन के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। हमारी बसों की हालत बहुत खराब है। बसों के पत्तरे टूटे होते है जिनकी वजह से यात्रियोंके कपड़े फट जाते है। हम एम0 एल0 ए0 कई बार जब अपने डैस्टीने ान से यहां पर आने का प्रयास करते है, हमें सीट नही मिलती। हमें देख कर लोग कहते है कि जो एम0 एल0 ए0 आ गया और हम सीट खाली करनी पड़ेगी। मै आपके मध्यम से अनुरोध कंरूगा कि महिलाओं के लिये विकलांगो के लिये और विधायकों के लिए सीटों की ठीक ढंग से व्यवस्थ होनी चाहिये। मै यह नही कहता कि हमारे लिए कोई वि ोश किस्म की गाड़ियां चलाई जाएं लेकिन जो आम बसें है उनमें व्यवस्था ठीक ढंग से होनी चाहिए। आज कल हमारी माताओं और वहिनों को बसों मे आने जाने के लिए बहुत दिक्कत होती है, उनके कपड़े फट जाते है। माननीय होम मिनिस्टर साहब बैठे है और सौभाग्य से मुख्यमंत्री जी भी आ गए है। मै इनसे प्रार्थना करना चाहूंगा कि किसी भी महिला और अपाहिज को बसों में सफर करने पर कोई दिक्कत नही होनी चाहिए। जहां तक बसिज में सवारियों के बहुत ज्यादा मात्रा सें सफर का सवाल है, एक बस में कम से कम तीन गुण सवारी भर ली जाती है यहां तक कि सावरियों बसों की छतों पर चढ़ कर और लटक कर सफर करती है। खुदा न खास्ता अगर

कोई हादसा हो जाए तो उनके लिए चालक या परिचालक को जिम्मेदार ठहराया जाता है। उनको वह केस भुगतना पड़ता है। जहा से बस भाुरू होती है वहा से लेकर जहा पहुचती है वहा तक सवारियो का बहुत बुरा हाल रहता है। इस बारे मे चैक किया जाए ताकि बसो से बस को कैपेसिटी से ज्यादा सवारिया सफर न करे और कोई हादसा न हो। यह तो हो सकता है कि एक बस मे उसकी कैपेसिटी से 5 या 10 सवारी ज्यादा हो जाए तो कोई बात नही वह सवारियो बस के अन्दर खडी हो करके सफर कर सकती है लेकिन यह नही होना चाहिए कि बस की छत पर या लटक कर सवारियो सफर करे।

इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, मै अपने ह्लके के स्कूलो के बारे मे भी कहना चाहता हू। मै उनके नाम सरकार को लिख करके दे दूगा सरकार उनकी तरफ ध्यान दे। इसके अलावा मै यह कहना चाहता हू कि सरकार ने जो बुढापा पैं ान लागू की है यह बहुत ही बढिया काम किया हैं सरकार की यह बहुत ही अच्छी नीति है। इसी आधार पर लोगो ने हमे वोट दिए थे और हमे चुनाव जिताए थे। सरकार का बुजर्गो और विकलाग को पे ान देने का एक बहुत ही बढिया समाज कल्याण का काम था। इस बारे मे मै सरकार के नोटिस मे एक बात लाना चाहूगा। बुजर्गो और विकलागो को पें ान दे कर सम्मान दिया गया है न कि उनकी भुखमरी दूर की गई है। यदि कोई बूढा आदमी किसी कमजोर वर्ग से संबध रखता है तो उस की बहबूदी के लिए यह

सरकार अपने माध्यम से यह सुनि ि चत करे कि क्या ऐसे लोगो को पे ान सही और समय पर मिल नही रही है। सरकार यह भी सुनि ि चत करें कि क्या विधवा महिलाओं को सही और समय पर पै ान मिल रही है। हरियाणा प्रदे ा सरकार के अन्दर कोई भी विधवा महिला पै ान के बिना न रहे। जब हम लोग गांवों में जाते है तो ऐसी महिलाएं हमे ि ाकयत करती है कि उन्हें समय पर पैं ान नही मिल रही है। जो अधिकरीगण है वे उनकी परवाह नही करते है। मै सरकार से प्रार्थना करूंगा कि सरकार ऐसी महिलाओं को सही और समय पर पै ान नही दिलाने के लिये आनग अधिकारियों को हिदायंत दे ताकि उन महिलाओं को कोई दिक्कत न हो। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, मै यह कहना चाहूंगा कि यह सरकार सामूहिक विकास पर बहुत पैसा खर्च कर रही है। सामूहिक विकास के लिये जितने पैसे का प्रावधान बजट में होता है सरकार उतना ही खर्च कर पाती है। कहने के लिये चाहे यह सरकार कुछ भी कहे कि हम यह करेंगे हम वह करेंगे। वह अलग बात है। दोहात के लोगों के कुछेक सुविधाएं ऐंसी दी जानी चाहिएं जो उनके लिए बहुत ही जरूरी है। अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करूंगा कि देहात के हर गांव में भाोचालय बनाए जाए। गांवों के अन्दर भाोचालय बनाने का काम पंचायतों द्वारा करवाया जाए। एक बात मैं यह भी कहना चाहूंगा कि गांव को गालियों में कीचड़ भरा रहता है। गांवों के अन्दर वाटर सप्लाई स्कीम के जरिए पीने का पानी जाता है। लोग अपना पानी भर कर चले जाते है और टैप न होने के कारण पानी

चलता रहता है और वह पानी गांवों की गलियों में बिखरता रहता है। यह पानी की वेस्टेज भी है और इससे गालियों में गंदगी भी फैलती है। अध्यक्ष महोदय, आप गांवों में जा कर देखे उस पानी से गांवो की गलियों में सड़ांध जाती है। मै सरकार से अनुरोध करूंगा कि सरकार गांवों की गलियों की सफाई की और भी वि ोश ध्यान दे ताकि लोगों को कोई दिक्कत न हो। अब मै चिकित्सा सुविधाओं के बारे में कहना चाहूंगा। गावों के अन्दर चिकित्सा सुविधाएं अव य अपलब्ध कराई जाए। गांवो के अन्दर किसी गोली देने वाली नर्स और दाई का बन्दोबस्त किया जाए। जो लोग छोटे–छोटे गांवों में रह रहे है वह भी इस दे ा और प्रदे ा के नागरिक है। हमारे ज्यादातर वोटर्स गांवों में रह रहे हैं। जो भाहरों के लोग है वह अपनी चिकित्सा का प्रबन्ध अपने आप कर लेते है क्योंकि भाहरों के अन्दर तो प्राइवेट होस्पीटल्ज भी होते है। इसलिये भाहर के लोगों को दवाई पानी लेने में कोई दिक्कत नही होती है। मै सरकार से प्रार्थना करूंगा कि सरकार गांवों के लोगों को ज्यादा से ज्यादा चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के बारे में वि ोश ध्यान दे ताकि गांवों में रहने वाले लोगों की कोई दिक्कत न हो।

अध्यक्ष महोदय, अब मै कर्मचारियों के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। कुछ समय पहले मै प्रौढ़ ि ाक्षा के कर्मचारियों से मिला था। उन्होंने मुझे रिक्वैस्ट की थी और मैने उनको रिक्वैस्ट सरकार तक पहुंचाने का आ वासन भी दिया था। हजारों की

संख्या में प्रौढ़ ि ाक्षा कर्मचारी जेलों में रहे और 6–7 महीने तक यहां एम0 एल0 एज0 होस्टल के सामने भी बैठे रहे थे। लेकिन सरकार ने उनकी तरफ कोई ध्यान नही दिया और न ही उनको बात सुनी। हमारे मुख्यमंत्री जी बहुत बढ़िया आदमी लगते है। मै इनसे प्रार्थना करूंगा कि यदि आप प्रोढ़ ि ाक्षा के कर्मचारियों की बात सुन ले तो उससे सरकार का नाम नीचा नही होगा। अगर किसी गरीब व्यक्ति कौ कोई तकलीफ है, यदि सरकार उनकी तकलीफ सुनती है तो उससे सरकार का नाम नोबा नही होता बल्कि ऊंचा ही होता है। स्पीकर साहब, सरकार अपने कर्मचारियों का ध्यान रखे तो इससे सरकार झुकेगी नही। सरकार जितना प्रोत्साहन अपने कर्मचारियों को देगी उतना बढ़िया काम सरकार को उनको दवाई बूटो आदि का प्रबंध करना चाहिए और उनको जल्दी से जल्दी रिहा कराये जाने की व्यवस्था करनी चाहिए। स्पीकर साहब, यहां पर गुरनाम सिंह आयोग का भी जिकर आया है और मण्डल कमी ान की रिपोर्ट का भी जिकर आया है। मण्डल आयोग को रिपोर्ट का मकसद यही था कि जो पिछड़े वर्ग के लोग है उनको कैसे रोजगार मिलै। यह बहुत लम्बे समय से मांग की जा रही थी उसी का ध्यान में रखते हुए इस रिपोर्ट को उस समय लागू किया गया था लेकिन इस रिपोर्ट के लागू होने से जो लोग उत्तजित थे या परे ाान थे उनकी वजह से सरकार को काफी नुकसान हुआ। सरकार को उसको रोकना चाहिए था। इसके बाद अपनी इस सरकार ने गुरनाम सिह आयोग को मैने भी एक रिप्रजैन्टे ान दी थी उस रिप्रजैन्टे ान में यह लिखा था कि जाति

के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नही करनी चाहिए। स्पीकर साहब, मण्डल रिपोर्ट को तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री वी0 पी0 सिंह जिस तरीके से लागू किया था उस हिसाब से लागू न करके पहले इस पर बहस कराने का अवसर दिया जाना चाहिए था लेकिन वह गलती रह गयी जिसकी वजह से बहुत अधिक नुकसान हुआ। उस रिपोर्ट के लागू होनें के बाद हरियाणा सरकार ने एक और आयोग गुरनाम सिंह आयोग के नाम से 7 सितम्बर, 1990 के बैठा दिया। 7 दितम्बर, 1990 को ि ाड्यूल्ड कास्टस एण्ड बैकवर्ड क्लासिज डिपार्टमैंट की तरफ से जो नोटिफिके ान जारी हुई उसके तहत इस आयोग के चैयरमैन, भूतपूर्व जास्टिंस श्री गुरनाम सिंह व श्री मोरी राम कम्बोज व श्री साधुराम मैम्बर बनाए गए। इस नोटीफिके ान की धारा 3 की सब धारा (2) के बारे में मैं एक बात कहना चाहता हूं। इसमें यह लिखा है–

"To investigate the reasons for backwardness of various agrilcultural Classes/Communities in the State such as Ahirs, Gujjars, Sainis Jats, Jat Sikhas, Roades and Meos etc,

इस तरह से इस कमी ान के दायरे को सीमित करके रख दिया। अगर इसमें जातियों का वर्णन न किया गया होता तो यह ज्यादा अच्छा होता क्योंकि जातियों के वर्णन से जो सही मायनों में हकदार थे, जो एग्रीक्लचरिस्ट लोग है जो हरियाणा के सो ाल और इकानोमिकली बैकवर्ड लोग है वे वंचित रह गए है क्योंकि इस नोटिफिके ान के तहत उसके दायरे को सीमित करके

रख दिया गया और बाद में इसी दायरे मैं रहते हुए आयोग ने अपनी रिपोर्ट दी। अगर जातियों का वर्णन नोटिफिके ान में न किया गया होता और आयोग को सही रिपोर्ट देने की खुली छूट दी जाती तो वह ज्यादा अच्छा होता ताकि वह गांव–गांव में जा कर देखता कि सही मायनों में इसका हकदार कौन है और जिसको रोजी रोटी की सही जरूरत है यदि उसी को इसमें भाामिल किया जाता तो और भी ज्यादा अच्छा रहता। लेकिन आयोग का दायरा सीमित होने की वजह से सही मायनों में हकदार लोगों अपने हकों से ंवंचित रह गए है। (घंटी)

Mr. Speaker: Attri Ji, you have taken suffcient time.

श्री दुर्गा दत अत्रीः अध्यक्ष महोदय, मै एक बात यह कहना चाहूंगा कि कुछ लोग सरकार को जानबुझ कर बदनाम करना चाहते है इसलिए कुछ लोगों न मण्डल रिपोर्ट पर जान बूझ कर आतंक का वातावरण पैदा किया और सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाया। ऐसे लोग गलत काम करके सरकार को बदनाम कर रहे है। ऐसे ही लोग सरकारी और पंचयातों की जमीन पर नाजायज कब्जे करने में लगे हुए है। जिससे सरकार बदनाम हो रही ह। मेरे हल्के मे ढयोला गांव के अन्दर ऐसे ही कुछ लोग जो गुरदासपुर, पंजाब से और गंगानगर, राजस्थान से आए थे गांव की 63 एकड़ जमीन पर कब्जा करके नाजायज पट्टा करवाना चाहते थे जिसकी वजह से वहां पर काफी झगड़े हुए और झगड़ा

इस हद तक बढ़ गया था कि यदि उसकों समय पर न रोका गया होता तो काफी लोगों मारे जाते।

Mr. Speaker: Please take your seat. No more time now.

श्री दुर्गा दत अत्रीः अच्छा जी, धन्यवाद।

Mr. Speaker: Thank you very much. Chaudhri Udai Bhan.

श्री उदय भान (हसनपुर): अध्यक्ष महोदय, 8 तारीख को आदरणीय चौधरी तैयब हुसैन, वित मंत्री जी ने जो बजट पे ा किया है, मै उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इसके साथ मै आदरणीय वित मंत्री जी तथा सरकार को लगातार चौथे वर्श कर रहित बजट पे ा करने के लिए बधाई तथा मुबारिकबाद देना चाहता हूं। स्पीकर साहब, हमारी सरकार की करनी और कथनी में कोई अन्तर नही है। यह बात तथ्यों पर आधारित है। इस सरकार ने कर्मचारियों को अनेक सुविधाएं प्रदान की है। सरकार ने वृद्धावस्था पै ान दी है और दूसरी भी अनेक सुविधाएं दी गई है। ये सब सुविधाएं देने के कारण सरकार पर 255 करोड़ रूपये का अतिरिक्त बोझ पड़ा है लेकिन इस के बावजूद भी जो कर रहित बजट पे ा किया गया है उसके लिए राज्य के आदरणीय मुख्य मंत्री और वित मंत्री बधाई के पात्र है। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) उपाध्यक्ष महोदय, सरकार द्वारा यह जो कर रहित बजट पे ा किया गया है यह सरकार की उन

प्रगति ील नीतियों का परिचायक है जो चौधरी देवी लाल जी ने निर्धारित की थी और हमारी सरकार ने उन प्रगति ील नीतियों का अनुसरण किया है। कृशि सहकारिता और दूसरे हरेक मामले में चाहे वह किसानों का हो मजदूरों का हो, व्यापारियों का हो, कर्मचारियों का हो सभी वर्गों को बराबर और समान सुविधाए प्रदान की गई है। पहले जो गांवों के साथ भेदभाव किया जाता था इस सरकार ने उस भेदभाव को भी दूर किया है और 71 प्रति ात बजट गांवों के विकास पर खर्चह करने का प्रावधान किया है। उपाध्यक्ष महोदय, लैण्ड डिवैल्पमैंट बैंक और कोआपरेटिव बैंक के द्वारा जो 86 करोड़ रूपये के कर्जे माफ किए गए है असके कारण सरकार पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। इसके बावजूद भी वर्श 1991–92 के लिए लोगों को ठी ढंग से और टाईम पर ऋण मिल कसे इसके लिए भी ठीक व्यवस्था की गई है। जहां पहले यह रा ि ा 226 करोड़ रूपये थी वहां अब 400 करोड़ रूपये से ज्यादा रा ि ा का प्रावधान किया गया है जिसके लिए यह सरकार बधाई की पात्र है। डिप्टी स्पीकर साहब, जहां तक चीनी मिलों का संबंध है वह बात भी किसी से छिपी हुई नही है। ये चीनी मिलें कांग्रेसी हुकूमत के समय में वर्श 1985–56 में 5 करोड़ 62 लाख रूपये के घाटे में चल रही थी लेकिन वर्श 1989–90 में चौधरी देवी लाल की प्रगति ील नीतियों के कारण इन चीनी मिलों ने 15 करोड़ से अधिक का मुनाफा कमाया है। यह इस बात का परिचायक है कि किस प्रकार से यह सरकार किसानों और सहकारिता को साथ लेकर चल रही है और चीनी मिलो ने अपनी

क्षमता से अधिक उत्पादन किया है। हमारी चीनी की मिले बधाई की पात्र है क्योंकि उन्होने 120 प्रति ात कैपिसिटी का यूटीलाईजे ान करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसक लिए सारा यहकारिता विभाग बधाई का पात्र है।

उपाध्यक्ष महोदय, सिचाई और बाढ़ नियन्त्रण के मामले में भी यह सरकार पूरी तरह से सजग है। सिचाई के क्षेत्र में पर्याप्त पैसे का प्रावधान किया गया है। पक्की खालें बनाई गई है। एस0 वाई0 एल0 के बारे में मैने गवर्नर एड्रैस पर बोलते हुए सरकार से जोरदार मांग की थी इस काम को किसी सरकारी एजैंसी के माध्यम से करवाया जाए। हालांकि हमारी सरकार के आने के बाद एस0 वाई0 एल0 नहर पर काफी काम हुआ है। 47 के करीब ब्रिजिज का निर्माण भी किया गया है। लाईनिंग का काम भी हुआ है, जमीन भी ऐक्वायर की गई है लेकिन इसके बावजूद भी कुछ समय से काम बन्द पड़ा हुआ है। उपाध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से अपनी सरकार से यह मांग करता हूं कि केन्द्रीय सरकार पर दबाब डाला जाए कि पैरा मिलिट्री फोर्सिज लगा कर एस0 वाई0 एल0 के काम को भीघ्र पूरा करें ताकि किसान को पानी मिल सके और धरती की प्यास बुझ सके।

उपाध्यक्ष महोदय, बढ़ नियन्त्रण के लिए 3 करोड़ 42 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। जो ड्रेनेज का मामला है, मैने इस बारे में सरकार से कई बार जानकारी चाही है लेकिन सरकार इस विशय में विस्तार से नही बता सकी है। ड्रेनेज में जो

4 करोड़ का घोटाला हुआ है और केवल तीन दिन में इतना पैसा खर्च कर दिया है, मै इसकी तरफ हाउस का ध्यान दिलाना चाहता हूं। उपाध्यक्ष महोदय, एक तरफ तो इसके लिये गृह मंत्री और मुख्य मंत्री जी को इस्तोफा देना चाहिये लेकिन इन की नाक के नीचे तीन दिन के अन्दर 4 करोड़ रूपये का गदन हुआ है, क्या उसके लिए इनकी जिम्मेदारी नही बनती। यह कैसे दूसरों को इस्तीफे के लिये कह सकते है? उपाध्यक्ष महोदय, इस समय सरकार द्वारा जो भी बाढ़ राहत के कार्य किये जा रहे है, ये सारे इन्ही लोगों द्वारा किये कारनामों की वजह से करने पड़ रहे है। आपको पता है कि आगे बरसात आने वाली है। ड्रेन्ज की सफाई का जो काम था, उससे अफैक्ट हो रहा है। ड्रेनेज का काम सारा ठप्प होकर रह गया है। मै आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहूंगा कि सरकार इस विशय मे माकूल जवाब दे और इसके बारे में तुरन्त इन्कवायरी करके जो भी इसके लिये दोशी हो, सदन में बतायें और उसको बराबर सजा मिलनी चाहिये। मैं इस के साथ–साथ यह कहना चाहता हू कि जहां तक बाढ़ नियंत्रण का सवाल है, उपाध्यक्ष महोदय, मेरा हल्का ऐसा है कि उसके साथ–साथ खादर का एरिया पड़ता है। पहले वहां के लिये कोई टैक्निकल स्कीम तैयार की गई थी। फ्लड कंट्रोल बोर्ड की जो मीटिंग हुई थी, उसमें हालांकि वहां स्कीमों मंजूर की गयी थी लेकिन उन सारी की सारी स्कीमों पर अब काम लगभग ठप्पा पड़ा है। उन पर कोई भी काम भुरू नही हुआ है। मै आपके माध्यम से सह कहना चाहूंगा कि जो टैक्नीकल टीम की सिफारि ो है,

उनकी सिफारि ा के बाद ही उन स्कीम्ज को मंजूर किया गया है। मेरा कहना है कि उन पर काम भीघ्र किया जाये। उतर प्रदे ा सरकार ने एक–एक किलोमीटर लम्बे स्टडज बना रखे है जिससे हमारे हरियाणा के एरिया मे काफी कटाव हो रहा हैं। हमारे एरिया को भूमि के बचाव के लिये यह जरूरी है कि सरकार इस ओर गम्भीरता में ध्यान दे। वित मंत्री महोदय से भी मेरा इस बारे में यह अनुरोध है कि वह इस मा मले में प्रैफरेस देकर इसके लिये अधिक से अधिक रा ि ा उपलब्ध कराएं ताकि बाढ़ राहत के कार्य तेजी से हो सके। जो 10 करोड़ रूपये का प्रोवीजन इसके लिए किया गया है, वह बहुत कम है। इसके अतिरिक्त मैं आगरा कैनाल के संबंध में भी थोड़ी सी बात कहना चाहता हूं। इसका जिक्र गवर्नर एड्रैस में भी आया है। मै यह कहना चाहता हूं कि यह कैनाल तो फरीदाबाद और गुड़गाव यानी दो जिलों की जीवन रेखा है। इस आगरा कैनाल का जो कमांड एरिया है वह 1 लाख 60 हजार से भी ज्यादा है। लेकिन यह कैनाल 78 हजार एकड़ जमीन को ही पानी उपलब्ध करा पाती है। आगर कैनाल से हमारे किसानों को दोहरों मार पड़ती है। एक तरफ तो यह नहर सारी कच्ची है, व कोई लाइनिग नही हुई है। सारी खोलें कच्ची है। दूसरों तरफ इसकी जो दरे है, वह हरियाणा की दूसरी नहरों के मुकाबले में दोगुनी और चौगुनी है। इस तरह से फरीदाबाद और गुड़गांव जिले के किसानों को दोहरी मार पड़ती है। मै सरकार से यह अनुरोध करना चाहूंगा कि सरकार इसके लिए कुछ उपाय अव य करें। फरीदाबाद और गुड़गांव के किसानों को उतर

प्रदे ा के रहमोकर्म पर न छोड़ा जाये। इसके लिए कोई ऐसी योजना बनाई जाये जिससे हरियाणा की इस प्यासी धरती को भी पानी दिया जा सके। हमारे इस नहर के साथ पड़ने वाले इलाके को उजीना डाइक र्न ड्रेन और गोच्छी ड्रेन से पानी की सुविधा दे दी जाये तो आपकी बड़ी मेहरवानी होगी। मेरे इस प्रस्ताव को यह सरकार पूरी गम्भीरता से ले और इसकी और ध्यान दे। इसके बाद मै बिजली के बारे में भी कुछ कहना चाहूंगा। मै अपनी सरकार को इसके लिये बधाई देता हूं कि कांग्रेस की सरकार के समय में कही पर भी दो घंटे से ज्यादा बिजली व्यवस्था को बनाये रखने के लिये थर्मल पावर स्टे ान यमुना नगर और पानीपत का काम ं ाुरू हो गया है। हरियाणा सरकार ने हिसार के लिये मंजूरी मांगी हुई है। हसनपुर और दूसरे चांदन मजूर हो चुके है। उन के बारे यह कहा गया था कि वह मार्च, 1991 तक पूरे हो जायेगे लेकिन अभी तक भी उन पर काम भाुरू नही हो पाया है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हसनपुर और चान्दन में 66 के0 वी0 के पावर हाउस भीघ्रति ीघ्र बनाये जाएं।

उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक जन स्वास्थ्य का संबंध है सरकार ने पानी और सिवरेज की समस्या को प्राथमिकता दी है। श्री ओम प्रका ा चौटाला जब मुख्य मंत्री बने थे तो उन्होंने मुख्य मंत्री बनते ही पानी के मामले को प्राथमिकता दी थी और कहा था कि 31 दिसम्बर तक सभी गांवो में पानी पहुंचा दिया जायेगा। सरकार इस मामले में काफी गम्भीर है इसमें कोई भाक नही है

लेकिन सरकार ने जो दस्तावेज दी है उनके अनुसार केवल उस्सी गांव समस्या ग्रस्त रहे है। मै चाहता हूं कि इन अस्सी गांवों की भीघ्राति ीघ्र पानी उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा भाहरों में भी जहां पानी की किल्लत है वहां पर पानी का इन्तजाम किया जाए। मेरे यहां होडल में पानी की काफी कमी है वहां पर पानी का इन्तजाम किया जाएं। मेरे यह होडल में पानी की काफी कमी है। वहां पर कई ट्यूबवैलज का पानी खारा हो गया है। भाहरों में भी ड्रैनेज की व्यवस्था ठीक नई ह। वहां पर पानी के निकास की कोई व्यवस्था नही है। वहां का पानी या तो उजीना ड्रेन में डाला जाए या किसी दूसरी जगह पर डाला जाए। पानी का निकास न होने कारण वहां पर नालियों पानी भरी रहती है। पानी के निकलने का कोई साधन नही है। इसलिए वहां पर गन्दगी बनी रहती है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि मामले पर गम्भीरता से विचार किया जाए।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मै सड़को के बारे में कहना चाहता हूं। मेरे हल्के की चार पांच सड़के ऐसी है जो तीन साल पहले सैक ान हुई थी लेकिन फण्डज रिलीज न होने के कारण किसी भी सड़क पर काम नही हुआ। ये सड़के कांग्रेस की हुकूमत में भी मन्जूर हुई थी लेकिन बाद मैं इनको कैन्सिल कर दिया गया। जब हमारी सरकार आई तो उनको फिर मन्जूर किया गया। लेकिन अभी तक काम किसी पर भी नही हुआ। ये सड़के है जटौली से अतरचढा, घासेड़ा से मीरापुर कौराली, घासेड़ा से

नखरौला और गुलाबड़ से करीमपुर। एक सड़क और है उसका नाम है भिडूकी से बासवां। जब चौधरी देवी लाल जो भरतपुर गए थे तो उन्होंने इन दोनो गांवों का दौरा किया था। इन दोनों गांवों की आबादी पन्द्रह हजार से अधिक है। इन दोनो गांवों के लौगों ने इस सड़क के लिए मांग भी की थी और चौधरी देवी लाल ने वहां पर एस0 ई0 को कहा था कि इन दोनों गांवों की मांग को ध्यान में रखते हुए यह सड़क भीघ्राति ीघ्र बना दी जाए। एस0 ई0 ने इस सड़क का अस्टीमेट बनाकर भी भेजा था लेकिन उस अस्टीमेंट को सैक्रिरिएट लेवल पर खारिज कर दिया गया। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि भिडूकी की बांसवां तक की सड़क के बारे में सरकार पुर्नीविचार करें और इसको भीघ्राति ीघ्र बनवाया जाए जिससे कि वहां के लोगों की दिक्कत दूर हो सके।

इसी तरह से परिवहन का मामला है उपाध्यक्ष महोदय, इस क्षेत्र में जितनी बसिज थी वे अब एक चौथाई रह गई है। यह ठीक है कि फरीदाबाद में वसिज कम है इसलिए मै चाहता हूं कि वहां पर बसिज की पर्याप्त व्यवस्था की जाएं। मण्डल कमी ान के तहत पलवल में काफी झगड़ा हुआ लेकिन उसका असर मेरे हल्के पर ज्यादा पड़ा। उपाध्यक्ष महोदय, जब मण्डल कमी ान की बात आई है तो मै थोड़ा सा उसके बारे में कहना चाहता हूं। बहुत बार कहा जाता है कि ग्रीन ब्रिगेड के लोगों ने बहुत ज्यादती की थी लेकिन मै आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मण्डल कमी ान

के सिलसिलें में जो झगड़े हुए चाहे वे झगड़े रोहतक में हुए, चाहे सोनीपत में हुए, चाहे अम्बाला में हुए, चाहे वे यमुनानगर में हुए और चाहे वे जगधरी में हुए, ये सारे के सारे बी0 जे0 पी0 वालो ने, मण्डल कमण्डल वालों ने कराए थे। जहां बी0 जे0 पी0 के लोग थे वहां पर झगड़े कराए गए। जहां तक बी0 जे0 पी0 के लोगौं के संबंध है ये तो अपने आपको भारतीय संविधान से भी ऊपर मानते है। (ाोर एवं व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, ये अपने आपको न्यायपालिका से भी ऊपर मानते है। उपाध्यक्ष महोदय, ये लोग तो अपने आपको सविधान से भी ऊपर मानते हैं।

श्री राम बिलास भार्मा: उपाध्यक्ष महोदय, चौधरी भान जी को तो स्वप्न में भी हम नजर आते है। गृह मंत्री महोदय जी ने सवालों का जवाब देते हुए इस सदन में बताया था कि लोगों के ऊपर मुकदमें चल रहे है, मुकदमें दर्ज है लेकिन लोग पहचानने में नही आ सके लेकिन, उपाध्यक्ष महोदय, उदय भान जी बी0 जे0 पी0 के ऊपर इस तरह के गल्त ऐलीगे ान लगा रहे है तो हम किस बात को सच माने। इनको कम से कम गृह मंत्री जी की बात को तो रखना चाहिए। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उदय भान: उपाध्यक्ष महोदय, ये लोग तो यू ही नाराज हो गये है। मेरे कहने में झुठ क्या है? उपाध्यक्ष महोदय, मै इससे आगे कहना चाह रहा था कि सरकार की यह पालिसी है कि वह किसी भी प्राईवेट कोलोनाइजर को लाईसैंस नही देगी। अगर सरकार की यह पालिसी है तो मुझे बडे दु:ख के साथ कहना पड़

रहा है कि अनगपुर गांव के आर0 कान्त नाम के आदमी को 400 एकड़ भूमि किस प्रकार दे दी गई? इस भूमि को 1984 में चौधरी भजन लाल ने एक फिल्म इंडस्ट्रीज को दे दिया था और उस जमीन पर एस0 पी0 व डी0 सी0 के द्वारा जवरदस्ती टैम्पोररी कब्जा करवा लिया था। लेकिन अब देखने वाली बात यह है कि इसी कोलोनाइजर को किस कानून के तहत लाईसैस दे दिया गया। मै इसका स्पश्टीकरण सरकार से चाहता हूं।

प्रो0 सम्पत सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, इनसे पूछा जाए कि ये कौन सी सरकार के वक्त की बात कर रहे है।

श्री उदय भानः उपाध्यक्ष महोदय, भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता जी के वक्त की बात है। उन्होंने इस्तीफा देने से केवल एक दिन पहले आर0 कान्त नाम के व्यक्ति को 400 एकड़ भूमि डेढ़ करोड़ रूपया लैकर दे दी (ाोर एवं व्यवधान) ऐसा कैसे हुआ सरकार इसको स्पश्ट करे। (ाोर)

श्री सूरज भानः उपाध्यक्ष महोदय, किसी पर इस तरह से ऐलीगे ान लगाने से पहले क्या इन्होने इस बारे में लिखा कर दिया है क्योंकि रूल्ज के अनुसार किसी के खिलाफ बोलने से पहले इस को एडवान्स कापी देनी पड़ती है। मै इसका स्पश्टीकरण चाहता हूं कि वे किस रूल के तहत, जो सदस्य हाउस में हाजिर नही है, के खिलाफ कह रहे है? (ाोर एवं व्यवधान) इनकी तो ऐसा कहने की आदत सी ही हो गयी है।

श्री उदय भानः तो उपाध्यक्ष महोदय, मै कह रहा था कि किस तरह से इस आदमी को कोलोनाइजर का लाईसैन्स दे दिया गया? मेरी सरकार से रिकवैस्ट है कि इस हाउस की एक कमेटी बनायी जाए जो कि इस सारे मामले की छानबीन करें। साथ में इस बात का भी पता लगाया जाए कि अब तक कितने प्राईवेट कोलोनाइजर्ज का भी लाईसैन्स दिये गये है।

इसके बाद उपाध्यक्ष महोदय, मै ि ाक्षा के बारे में भी कुछेक बातें इस सदन रखना चाहूंगा। आज प्रदे ा के अन्दर ि ाक्षा को वि ोश महत्व दिया जाना चाहिए। हरियाणा के अन्दर ि ाक्षा का हर स्तर पर विकास हुआ है। हमारी बजट स्पीच में भी दिया गया है कि सातवीं पंचवर्शीय योजना में लड़कीयों के लिए 500 प्राथमिक स्कूल खोले गये और 507 प्राथमिक और 329 माध्यमिक स्कूलों का दर्जा बढाया गया है, यह सरकार का ि ाक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का बड़ा ही सराहनीय कदम है। इसके लिए हम सरकार को बधाई देते है।

श्री उपाध्यक्षः उदय भान जी अब आप बैठे। आप कंटिन्यू करेंगे। अब हाउस कल सुबह 9.30 बजे तक ऐडजर्न किया जाता है।

18.30 बजे

(तत्प चात् सदन मंगलवार दिनांक 12 मार्च 1991 प्रात 9.30 बजे तक स्थगित हुआ।)

ANNEXURE

CONSTRUCTION OF CHAUPALS

267 Shri Jai Narain Khundia: Will the Minister for State for Welfare of Sch. Castes & Back Ward Classes be pleases to State the district wise number fo Chaupals if any, constructed for the persons belonging to Sch. Castes & Back Word Casses during the period form 1987 to 1990 in the State together with the number of Chaupals lying icompleted so far?

Minister of State for	(Sh Joginder Singh):
Welfare of Schedued Castes & Backward Classes.	

The Districtwise number of Chaupals constructed of Sch. Castes & Back Ward Classes during the period from 1987 to 1990 is given in the enclosed list.

Sr.	Name of the District	Chaupals for Schedule Castes during 1987-90		Chaupals for Backward Schedule Castes during 1987-90	
		No. of Chaupals constructed	No. of Chaupals lying incompleted	No. of Chaupals constructed	No. of Chaupals lying incompleted
1	2	3	4	5	6
1.	Ambala	32	6	23	2
2.	Bhiwani	79	-	58	-

3.	Faridabd	15	10	13	7
4.	Gurgaon	54	50	21	25
5.	Hissar	1	44	-	42
6.	Jind	45	48	14	18
7.	Karnal	73	-	28	-
8.	Kurukshetra	65	33	25	2
9.	Narnaul	18	5	18	2
10.	Rohtak	47	9	46	3
11.	Sonepat	59	8	16	6
12.	Sirsa	37	23	38	19
13.	Rewari	8	5	2	3
14.	Panipat	70	13	35	-
15.	Kaithal	9	58	8	5
16.	Yamun Nagar	19	28	2	1
	Total	631	340	347	135